तापमान
अधिकतम 33.6 डिग्री
न्यूनतम 24.9 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025

बादलों के बीच माना का पारा सर्वाधिक 33.6, रायपुर 32.8 डिग्री

## चक्रवाती नमी से बदल रहा मौसम शहर में कहीं-कहीं हल्की बारिश भी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के प्रभाव से राज्य में आ रही नमी से मौसम में बदलाव होने लगा है। रविवार को शहर में कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हुई है। इसका चिपचिपाहट भरी गर्मी पर कोई खास असर होने की संभावना नहीं है। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर में बारिश की गतिविधि तेज रही, वहीं माना का सर्वाधिक तापमान 33.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। शहर का पारा 32.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। राज्य में आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव होगा। इस दौरान हवा की गति बढ़ेगी और कई इलाकों, खासकर बस्तर के हिस्सों में भारी बारिश भी हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में गहरे अवदाब में बदल चुका सिस्टम सोमवार को चक्रवात का रूप लेगा, जो 28 अक्टूबर को और प्रबल हो जाएगा।

*2 नवंबर को जाग जाएंगे देव, पुनः प्रारंभ होगा शुभ कार्यों का सिलसिला*

# एक नवंबर को प्रात: 9 बजे प्रारंभ होगी एकादशी, तुलसी विवाह 2 को ही क्योंकि व्रत के लिए द्वादश संगम जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के मंदिरों में देवउठनी 2 नवंबर को ही मनाई जाएगी। एकादशी तिथि एक नवंबर को प्रातः 9 बजे प्रारंभ हो जाएगी, लेकिन इस दिन सूर्योदय के समय दशमी तिथि व्याप्त रहेगी। देवउठनी एकादशी में सूर्योदय के समय व्याप्त तिथि ही मान्य होती है। इसके अलावा एकादशी व्रत के उस दिन किए जाने की मान्यता है, जिसमें एकादश और द्वादश तिथि का मिलन



हो रहा हो। यह स्थिति 2 नवंबर को निर्मित हो रही है। पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की तिथि की शुरुआत 1 नवंबर को सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर हो रही है। वहीं, इस तिथि का समापन 2 नवंबर को सुबह 7 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में देवउठनी एकादशी व्रत 2 नवंबर को किया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को करने से साधक को सभी पापों से छुटकारा मिलता है। साथ ही जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।

### देव दिवाली पर भी शुभ संयोग

देवउठनी के अलावा देव दिवाली पर भी शुभ संयोग निर्मित हो रहे हैं। कार्तिक पूर्णिमा तिथि 4 नवंबर की देर रात 10 बजकर 36 मिनट से आरंभ होकर 5 नवंबर की शाम 6 बजकर 48 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार पर्व का मुख्य उत्सव 5 नवंबर को ही मनाया जाएगा। इस दिन गंगा आरती और दीपदान का शुभ समय संध्याकाल 5 बजकर 15 मिनट से 7 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। देव दीपावली के दिन भद्रावास योग का दुर्लभ और शुभ संयोग भी बन रहा है। यह योग सुबह 8 बजकर 44 मिनट तक रहेगा।

### एक को दशमी तिथि

नवंबर की पहली तारीख पर सूर्योदय के समय दशमी तिथि व्याप्त रहेगी। सूर्योदय व्याप्त एकादशी तिथि 2 नवंबर को है। तुलसी विवाह और व्रत इसी दिन होगा।

-पं.मनोज शुक्ला
महामाया मंदिर

## पिछले वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी

# हादसे रोकने ब्लैक स्पॉट में सुधार, कुछ काम हुए, कुछ बाकी, राहत यह कि मौतों की संख्या इस महीने आधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

राजधानी में पिछले वर्ष अक्टूबर में जितनी सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, इस वर्ष उससे आधी संख्या में सड़क हादसे हुए हैं। अक्टूबर माह में मृतकों के साथ घायलों की संख्या भी आधी रही है। पूरे दस महीनों के आंकड़ों पर नजर डालें तो सड़क दुर्घटनाएं कुछ कम हुई है, लेकिन मृतकों की संख्या बढ़ी है। इसकी बड़ी वजह है ब्लैक स्पाट में सुधार और संवेदनशील इलाकों में देर रात ड्रंक एंड ड्राइव की कार्रवाई, ऐसा ट्रैफिक पुलिस का कहना है। वैसे आंकड़ों के अनुसार जनवरी से अक्टूबर के बीच सड़क दुर्घटनाओं में 492 लोगों ने जान गंवाई है।

- अफसरों का दावा- आधे से ज्यादा ब्लैक स्पॉट में हो चुका है सुधार

एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा के अनुसार, जिले में 27 ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित किए गए हैं। उनमें से ज्यादातर ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित कर सुधार किया गया है। इसके चलते दुर्घटना में कमी आई है। अफसर के अनुसार, अग्रसेन धाम से लेकर उद्योग भवन, तेलीबांधा तक फ्लाईओवर बनने के बाद सड़क दुर्घटनाएं काफी हद तक कम हो जाएंगी। मंदिर हसौद में फ्लाईओवर का काम कंप्लीट हो गया है। फ्लाईओवर के ऊपर से ट्रायल में गाड़ियां चलने लगी हैं। फ्लाईओवर पूरी तरह से शुरू होने के बाद एक बड़ा ब्लैक स्पॉट, जहां आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौतें होती थीं, उस पर लगाम लगेगी।



### एक्सीडेंट पाइंट बना भाठागांव चौक

भाठागांव चौक से लेकर रायपुरा के बीच सर्विस रोड पर आए दिन एक्सीडेंट होते हैं। भाठागांव से काठाडीह जाने वाला मार्ग काफी संकरा है। साथ ही भाठागांव मोड़ के पास रोड ऊपर दुकानें हैं। भाठागांव से काठाडीह जाने वाले मार्ग का चौड़ीकरण होना है। रोड चौड़ीकरण करने के पहले सड़क के दोनों किनारे नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। नाली निर्माण के बाद ही सड़क चौड़ीकरण संभव है। सड़क चौड़ीकरण का काम कंप्लीट होने में एक से दो साल तक का वक्त लग सकता है।

### इन दो ब्लैक स्पॉट से बढ़ी परेशानी

अभनपुर से दुर्ग जाने नया बायपास रोड का निर्माण किया गया है। नए बायपास रोड बनने के बाद भरेंगाभाठा चौक तथा कोलार नए ब्लैक स्पॉट बन गए हैं। इन दोनों ब्लैक स्पॉट पर पिछले तीन वर्षों में दो दर्जन से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। नया बायपास रोड बनने के बाद माना से पचपेड़ी नाका के बीच भारी वाहनों का दबाव कम हुआ है।



### सड़क हादसे थमे, मौतें भी कम

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अक्टूबर में सड़क दुर्घटनाओं में भारी कमी आई है। इस कारण मृतकों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में आधी है। पिछले वर्ष अक्टूबर में सड़क हादसों में 48 मौतें हुई थीं, इस वर्ष मौत का आंकड़ा 21 है।

- सतीश ठाकुर, डीएसपी, ट्रैफिक

### हादसे रोकने इस तरह के उपाय भी

मंदिर हसौद से तेलीबांधा मार्ग में एक्सीडेंट का सबसे ज्यादा खतरा शाम 5 से 7 बजे के बीच रहता है। इसकी वजह बड़े पैमाने पर मंत्रालयीन कर्मी लौटते हैं। कर्मी बस से आवाजाही करते हैं। मंत्रालय की छुट्टी होती है तो एक साथ 30 से 40 बसें निकलती हैं। इस वजह से तेलीबांधा चौक पर जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस भारी मालवाहक वाहनों को मंदिर हसौद में रोक देती है। साथ ही जिनको जल्दी रहती है, उन्हें रिंग रोड-3 तथा नवा रायपुर से डायवर्ट कर रवाना करती है। इस वजह से भी तेलीबांधा से लेकर आरंग जाने वाले मार्ग पर एक्सीडेंट में कमी आई है।

### पांच सौ मीटर का पेंच ज्यादा खतरनाक

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, तेलीबांधा से वीआईपी चौक के पास पांच सौ मीटर का पेंच ज्यादा खतरनाक है। ज्यादातर एक्सीडेंट की घटनाएं उसी पांच सौ मीटर के दायरे में होती हैं। जिस पांच सौ मीटर के दायरे में एक्सीडेंट की ज्यादातर घटनाएं होती हैं, अग्रसेन धाम के पास से फ्लाईओवर बनने के बाद वह ठीक हो पाएगा।

**प्रोटेक्शन मनी की बात कहकर लूटा, राजेंद्र नगर पुलिस जांच में जुटी**

# स्पॉ सेंटर संचालक को बंधक बनाकर सवा लाख की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजेंद्र नगर थाने में एक स्पॉ सेंटर के संचालक ने 20 से 25 बदमाशों के खिलाफ सवा लाख रुपए लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना रविवार रात करीब 8 बजे की है। बदमाश अपने आपको एक राजनीतिक संगठन से जुड़े होने की धौंस देकर प्रोटेक्शन मनी लेने की बात कहते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम बदमाशों की पतासाजी में जुट गई है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की जा रही है। राजेंद्र नगर में वेलनेस स्पॉ सेंटर के संचालक सन्नी मनवानी ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। सन्नी ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह अपने स्पॉ सेंटर में था, इस दौरान 20-25 युवक स्पॉ सेंटर में घुस आए। उन्होंने अपने आपको कथित तौर पर शिवसेना से जुड़े होने की बात कहते हुए सन्नी को प्रोटेक्शन मनी देने के लिए कहा। इस दौरान एक युवक ने दराज खोलकर 20 हजार रुपए कैश निकाल लिए। कैश निकालने के बाद आधा दर्जन से ज्यादा युवकों ने सन्नी को अपने साथ कार में चलने के लिए विवश किया। शेष युवक स्पॉ सेंटर में मैनेजर को बंधक बनाकर रोके रहे।



### एटीएम कार्ड से 50 हजार कैसे डेबिट कराए

सन्नी ने जैसा पुलिस को बताया कि बदमाश उसे अपने साथ कार में ले जाने के बाद इधर-उधर घुमाते रहे। इसके बाद शैलेंद्र नगर के एक एटीएम में ले गए और उसके अकाउंट से जबरन 50 हजार रुपए आहरण कराए। इसके बाद सन्नी को बदमाश कचना ले गए, वहां एक पेट्रोल पंप से 50 हजार रुपए डेबिट कराए। एटीएम में एक दिन में 20 हजार रुपए से ज्यादा का आहरण नहीं हो सकता, ऐसे में बदमाश सन्नी के अकाउंट से कैसे 50 हजार रुपए आहरित किए, यह जांच की विषय है।

## लूट के दो मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- पंडरी थाना क्षेत्र में ट्रक ड्राइवर तथा एक अन्य के साथ की थी लूट

पंडरी पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने लूट की दो अलग-अलग मामलों में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक बदमाश फरार है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से मोबाइल फोन, ब्रेसलेट, घड़ी और बैग बरामद किया है। लूट के आरोप में पुलिस ने योगेंद्र चौहान उर्फ योगी, अमित बंजारे उर्फ लल्ला तथा आर्यन नाग को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश पूर्व में भी लूट, मारपीट तथा अन्य मामलों में जेल जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार, लूट के आरोप में जिन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है, उन्होंने 25 अक्टूबर को मध्यप्रदेश, राजगढ़ निवासी पेशे से ट्रक ड्राइवर महेश लोधी के साथ लूटपाट की थी। महेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि घटना दिनांक को मोवा ओवरब्रिज के नीचे गाड़ी खड़ी कर रात में सो रहा था। दूसरे दिन शनिवार तड़के 4 बजे दो बदमाश खिड़की खोलकर ट्रक के अंदर घुसे, एक बदमाश महेश के गले में चाकू टिकाया, दूसरा बदमाश बैग में रखी नकदी, मोबाइल समेत अन्य सामान लूट लिया। घटना के समय एक अन्य बदमाश दोपहिया से दोनों बदमाशों की निगरानी कर रहा था। पुलिस ने जिन तीन बदमाशों को लूट के आरोप में गिरफ्तार किया है उनके खिलाफ लोधीपारा निवासी जयप्रकाश यादव ने 23 अक्टूबर को लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### खबर संक्षेप

#### कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में भूपेश और पायलट का नाम



**रायपुर।** एआईसीसी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। सूची में छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम शामिल किया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट को भी बिहार चुनाव का स्टार प्रचार बनाया गया है। एआईसीसी ने 40 नाम जारी किए हैं।

#### पूर्व मुख्यमंत्री के फेसबुक संचालक के खिलाफ एफआईआर

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक युवक ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फेसबुक पेज भूपेश है तो भरोसा है के संचालक के खिलाफ आपत्तिजनक जातिगत टिप्पणी करने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। खम्हारडीह निवासी प्रवीण साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्रवीण ने पुलिस को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री के फेसबुक संचालक ने अपने पेज पर 'कहां राजा भोज कहां गंगू तेली' पोस्ट कर सीधे तौर पर तेली समाज को गाली दी है। प्रवीण की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 196 तथा 353(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# बूढ़ापारा बिजली आफिस चौक से पचपेड़ी नाका तक सड़क चौड़ीकरण, मिले 15 करोड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कालीबाड़ी चौक के पास बिजली आफिस चौक बूढ़ापारा से पचपेड़ी नाका चौक तक फोरलेन सड़क का निर्माण 15 करोड़ में किया जाएगा। बिना किसी मुआवजे के मुख्य मार्ग की यह सड़क 80 फीट चौड़ी होगी। यहां सरकारी जमीन पर्याप्त है, इसलिए इसे गौरवपथ- 2.0 का स्वरूप दिया जाएगा। राज्य शासन ने रायपुर नगर निगम द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर 15 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। 2.3 किमी. लंबी इस सड़क के दोनों ओर पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ का निर्माण कराया जाएगा। महापौर मीनल चौबे की परिषद ने एमआईसी से इस प्रस्ताव को पहले ही पारित कर दिया है।

### ऑनलाइन टेंडर जल्द

राज्य शासन ने नगर निगम द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर गौरवपथ-2.0 विकसित करने 15 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। सामान्य सभा में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा। यहां से मंजूरी के बाद जल्द ऑनलाइन टेंडर करेंगे।

-अंशुल शर्मा (जूनियर), ईई, ननि रायपुर

### गौरवपथ-2.0 में इन कार्यों पर फोकस

- मुख्य मार्ग की प्रस्तावित सड़क का चौड़ीकरण, पैदल चलने वालों के लिए सड़क के दोनों ओर फुटपाथ
- ट्रैफिक व्यवस्था के लिए बोलार्ड और रैंप
- चिन्हांकित जगह पर सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन
- आम जनता की सुविधा के लिए पब्लिक टॉयलेट
- रेन वाटर रिचार्ज सिस्टम और मार्ग की खूबसूरती बढ़ाने लैंडस्केपिंग, प्लांटेशन
- स्ट्रीट लाइट, रोड और स्ट्रीट साइनेज के कार्य

## 1 जनवरी से प्रायोगिक परीक्षाएं अपलोड किया विस्तृत शेड्यूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- पेंटिंग और ऑटोमोटिव जैसे विषयों के लिए मिलेगा कम समय

मुख्य परीक्षाओं के लिए संभावित तिथि जारी करने के बाद सीबीएसई ने प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि भी जारी कर दी है। सीबीएसई ने 2026 के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा का विस्तृत शेड्यूल अपलोड कर दिया है। प्रैक्टिकल परीक्षा एक जनवरी से सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जबकि पेंटिंग और ऑटोमोटिव जैसे कुछ विषयों के लिए यह दोपहर 12:30 बजे समाप्त होगी। इस वर्ष लगभग 45 लाख छात्र कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। कक्षा 10 की परीक्षा दो-बोर्ड प्रणाली में कराई जाएगी। विंटर बाउंड स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं 6 नवंबर से 6 दिसंबर तक चलेंगी। गौरतलब है कि 10वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 7 मार्च तक और 12वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 9 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी।

### सुधार के लिए आज अंतिम अवसर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्कूल प्राचार्यों को एलओसी डेटा करेक्शन विंडो के माध्यम से कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के व्यक्तिगत और शैक्षणिक विवरण सुधारने की सुविधा दी है। इसमें छात्रों के नाम, माता-पिता का विवरण, जन्मतिथि और विषय सहित अन्य जानकारी में संशोधन किया जा सकता है।

# सरकारी सप्लाई वाली एल्बेंडाजोल सहित 9 दवाएं मिली थीं अमानक, सीडीएससीओ ने किया सूचीबद्ध

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सितंबर में कराई थी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- अमानक मिली दवा कृमिनाशक एवं दर्द से राहत देने वाली

सरकारी अस्पतालों में सप्लाई की जाने वाली एल्बेंडाजोल सहित राज्य में बिकने वाली 9 तरह अमानक दवाओं को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने अपनी सूची में शामिल किया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम इन दवाओं के सैंपल लिए थे, जिसकी रिपोर्ट सितंबर में आई थी। इन दवाओं में कृमिनाशक एल्बेंडाजोल के चार बैच के अलावा दर्द राहत पैरासिटामॉल से संबंधित दवाएं शामिल हैं।

सीजीएमएससी द्वारा एल्बेंडाजोल की दवाओं को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में भेजने से पहले जांच कराई गई थी। संबंधित बैच के सैंपल फेल होने के बाद



तीन अन्य बैच की दवा के सैंपल लिए गए थे, जो निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करते थे। रिपोर्ट के आधार पर इन दवाओं के उपयोग को रुकवा दिया गया था। इसी तरह खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विभिन्न जिलों से दवाओं के सैंपल उठाकर उसे राज्य के लैब जांच के लिए भेजा था। अमानक पाई गई दवाओं के मामले में संबंधित संस्थानों के खिलाफ ड्रग एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है। विभिन्न राज्यों में जांच में अमानक पाए जाने वाली दवाओं की जानकारी सीडीएससीओ को भेजी जाती है।

### ये दवा मिली थी अमानक

1. कृमिनाशक एल्बेंडाजोल टैबलेट के चार बैच
2. एंटीबायोटिक एमोक्सिसिलिन टैबलेट का एक बैच
3. दर्दनाशक पैरिसिटामॉल टैबलेट का एक बैच
4. सूजन कम करने वाली एसिक्लोफेनाक एंड पैरासिटामॉल का एक बैच
5. दर्द कम करने वाला डिक्लोफेनाक पोटिशियम एंड पैरासिटामॉल का एक बैच
6. त्वचा का संक्रमण रोकने वाली क्लोबेटासोल प्रोपियोनेट, माइकोनाजोल नियोमाइसिन क्रीम का एक बैच

# दिल्ली की दो नई फ्लाइट ट्रेक पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के बीच एयर इंडिया और इंडिगो की दो नई फ्लाइट रविवार से ट्रेक पर आ गई हैं। पहली उड़ान के दौरान एयर इंडिया के विमान में 65 यात्री आए और 82 रवाना हुए। इंडिगो की फ्लाइट में 67 यात्री यहां पहुंचे और 72 ने वापसी के लिए उड़ान भरी। इन दोनों फ्लाइट के बाद दोनों शहरों के बीच नियमित रूप से आठ फ्लाइट का संचालन किया जाएगा। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अभी दर्जनभर शहरों के लिए विमान का संचालन किया जाता है। इसमें दिल्ली एकमात्र ऐसा शहर है, जहां के लिए नियमित रूप से आठ फ्लाइट आवाजाही करती हैं। इसमें घरेलू उड़ान में नंबर-1 रहने वाली इंडिगो की 5 और एयर इंडिया की 3 फ्लाइट हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411


छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट
आप सभी सूर्य उपासको का हार्दिक अभिनंदन करती है।
जय छठी माई
जय दीनानाथ
पंजीयन नं.
122201967026
भारत माता की जय
छत्तीसगढ़ महतारी की जय
भारत माता की जय
छत्तीसगढ़ महतारी की जय
संरक्षक रविन्द्र सिंह
संरक्षक परमानंद सिंह
संरक्षक सुखवीर सिंह राघव
संरक्षक आर.पी. सिंह
संरक्षक संजय श्रीवास्तव
संरक्षक जोगिन्दर सिंह
संरक्षक अमित सिंह
संरक्षक आर एन सिन्हा
संरक्षक अजीत सिंह
संरक्षक शशि सिंह
संरक्षक रंजीत गुप्ता
संरक्षक मुक्तिनाथ पाण्डेय
संरक्षक रामविलास सिंह
संरक्षक रामकुमार रजावत
शिवशंकर सिंह
अजय सिंह
अनिल सिंह
सुनिल सिंह
सत्येन्द्र सिंह गौतम
सीएस सिंह
गौरीशंकर गुप्ता
रंधीर सिंह
बबलू सिंह
अजय शर्मा
ओमप्रकाश सिंह
रमेश सिंह
आरके सिंह
रवींद्र शर्मा
मुकुल सिंह श्रीवास्तव
संतोष सिंह
संजय सिंह
संजय सिंह
नानू ठाकुर
बिरेश्वर सिंह
विकास मिश्रा
अजय सिंह
राजीव चौधरी
सरोज सिंह
सुमन सिंह
प्रभात सिंह
डी के शर्मा
विवेक परमार
परमवीर सिंह
सोहन यादव
शिवनारायण साहू
मनोज सिंह
शेखर बंका
चंदन चौधरी
विकाश गुप्ता
नवल गुप्ता
पं. रंजीत मिश्रा
रवि सिंह
शंभु सिंह
अमित सिंह
राजीव पांडे
गौरव सिंह
आदित्य सिंह
अमन सिंह
अंकित गौतम
संजय सिंह
पंकज चौधरी
राजेश सिंह कोटा
रोहित सिंह तीरंगा
अमरजीत सिंह
सांस्कृतिक कार्यक्रम
पूजा कार्यक्रम
लोकधारा
स्वाति मिश्रा
अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका, मुंबई
(राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी)
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सम्मानित
सोनाली तरुण चोपड़ा एवं टीम
(प्रयागराज)
अंतर्राष्ट्रीय नृत्य नाटिका एवं झांकी
लोकधारा
छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम
तिलक राजा साहू, केशरी साहू एवं लोकधारा परिवार
समय - संध्या 4 बजे से 7 बजे तक
संध्या अर्घ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम
27 अक्टूबर संध्या 4 बजे से
महाआरती 27 अक्टूबर
संध्या 7 बजे, सोमवार
प्रात: अर्ध्य सूर्योदय
समय 28 अक्टूबर मंगलवार
पारण एवं महाभंडारा 28 अक्टूबर
प्रात: अर्ध्य उपरान्त 6 बजे से
(शुद्ध घी से निर्मीत)
समन्वयक सत्य प्रकाश सिंह
वेद नारायण सिंह
राकेश कुमार सिंह
जयन्त सिंह
संजीव सिंह
जे पी सिंह
राजेश कुमार सिंह
संस्थापक, अध्यक्ष एवं आयोजन प्रमुख
उपाध्यक्ष - आयोजन उपप्रमुख कन्हैया सिंह
उपाध्यक्ष - आयोजन उपप्रमुख संतोष सिंह
प्रचार-प्रसार सचिव ब्रजेश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष सुनिल कुमार सिंह
Khanna
आयोजन स्थल : महादेवघाट खारुन नदी तट, रायपुर

## खबर संक्षेप



### जुआ खेलने से रोकने पर घर में घुसकर की मारपीट

**आरंग।** मामला खरोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अछोली का है। जहाँ सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलने से रोकने पर उपजा विवाद ने प्राथी दाऊ यादव निवासी ग्राम अछोली के परिवार के साथ 10 अक्टूबर को घर घुसकर मारपीट किये जाने को लेकर पीड़ित परिवार ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर थाना खरोरा ने विवेचना कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध कायम किया गया। आरोपी पक्ष में अनिल सोनवानी पूर्व सरपंच एवं जनपद सदस्य रहे है। राजनितिक रंगदारी और ऊँची पहुँच उनकी काम ना आई, खरोरा पुलिस ने इस मामले पर आरोपी भोला सोनवानी, अनिल सोनवानी, राजेश सोनवानी, अजय सोनवानी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 2023 के तहत धारा 115 (2) 296, 3(5), 333, 351(2) पर अपराध कायम कर आरोपियों को 25 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायलय के आदेश पर जेल दाखिल किया गया।

### छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा किया खंडित, जांच की मांग

**चंदखुरी/आरंग।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तेलीबांधा में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की पवित्र मूर्ति को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया अपमान छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ जनता के माँ के साथ किया किया गया अपमान है। छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति को तोड़ फोड़ कर खंडन, किया जाना राज्य की वर्तमान भाजपा सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर पूर्णतः असफलता, उदासीनता और अराजकता को दर्शाने वाली एक कड़ी है। इस गंभीर घटना को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता परमानंद जांगड़े ने इस घटना को छत्तीसगढ़ के अस्मिता पर हमला करार देते हुए इस घटना पर तत्काल उच्च-स्तरीय जांच एस.आई.टी गठन कर उक्त घटना की बारीकी से निष्पक्ष जाँच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाये।

### मंत्री वर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**तिल्दा नेवरा।** विधायक कार्यालय, तिल्दा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम को मंत्री टंक राम वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ता साथियों के साथ सुना। आज के संस्करण में छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर नगर निगम की प्रेरणादायक पहल 'गार्बेज कैफे' का उल्लेख किया गया। तुलसी तिल्दा के विधायक कार्यालय में मन की बात सुनने के बाद मंत्री टंक राम वर्मा ने मन की बात कार्यक्रम की सराहना की साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों से मेल मुलाकात भी किए।

# खलनायक के गाने पर चाकू लहराकर रौब दिखाते आठ आरोपी गिरफ्तार

## वीडियो वायरल होते ही धरसींवा पुलिस की ताबड़तोड़ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां

थाना क्षेत्र के नगर पंचायत कुरा में गुंडागर्दी का नंगा नाच सामने आया है। स्थानीय युवकों ने न सिर्फ सरेआम चाकू लहराया, बल्कि इस गुंडागर्दी को बॉलीवुड फिल्म 'खलनायक' के गीत पर डांस करते हुए फिल्माया और पुलिस तथा कानून को खुली चुनौती देते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

इस हरकत ने साफ कर दिया है कि इन असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है।

### पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

वीडियो वायरल होते ही स्थानीय पुलिस पर चौतरफा दबाव बढ़ा। धरसींवा पुलिस ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए वायरल वीडियो की पहचान की और दो अपचारी बालक सहित कुल 08 युवकों को धर दबोचा है। गिरफ्तार युवकों से पूछताछ जारी है, जिससे यह पता लगाया जा रहा है कि उनके पीछे कोई संगठित गिरोह है या नहीं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वीडियो में दिख रहे कुछ फरार आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है, जो लगातार दबिश दे रही है।



### आरोपी गिरफ्तार

थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान ने बताया कि नगर पंचायत कुरा में आठ लड़को ने संगठित हो कर एक वीडियो बनाया है जिसमे सीधे तौर पर चाकू लहराते वीडियो जारी किया है। सूचना मिलते ही सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है विधिवत कार्यवाही जारी है।

**खलनायक के गीत पर चाकूबाजों का जश्न:** वीडियो में 8 से 09 युवक एक साथ होकर हाथों धारदार चाकू व हँसिये सहित अन्य हथियार लहराते हुए खलनायक' फिल्म के गीत पर झूमते दिखाई दे रहे हैं।यह कृत्य केवल एक सामान्य अपराध नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था का उपहास और क्षेत्र में अपनी दहशत कायम करने की सुनियोजित कोशिश है। धरसींवा में चाकूबाजी की बढ़ती घटनाओं से पहले ही आम जनता त्रस्त है, ऐसे में यह वायरल वीडियो गुंडागर्दी के बेलगाम होने का प्रमाण है।

## मौसम : 30-40 प्रतिशत उत्पादन में कमी की होगी, कल से बारिश की आशंका

# बंगाल में बने लो-प्रेशर एरिया से वर्षा की आशंका, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छ.ग. में मानसून की बिदाई के बाद एक बार फिर बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया (निम्न दबाव क्षेत्र) के प्रभाव से 27 अक्टूबर से पूरे छत्तीसगढ़ में बारिश की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार यह प्रणाली धीरे-धीरे पश्चिम की ओर बढ़ते हुए प्रदेश के अधिकांश इलाकों को प्रभावित करेगी।

- खेत गीले व पानी भरे होने से हार्वेस्टर से कटाई में हो रही परेशानी

इस बदलाव से किसानों की चिंता एक बार फिर बढ़ गई है, क्योंकि खेतों में पककर तैयार धान की फसल अब बारिश के कारण गंभीर नुकसान की आशंका में है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में बने लो प्रेशर एरिया केसक्रिय होने से 27 से 29 अक्टूबर तक प्रदेश के मध्य व दक्षिणी हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इससे धान की कटाई रुकी रह सकती है और कट चुकी फसलों में अंकुरण या सड़न का खतरा बढ़ जाएगा। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि जो खेत कटाई के लिए तैयार हैं, वे जल्द से जल्द फसल काटकर सुरक्षित स्थान पर रख लें और खलिहान को ढकने की व्यवस्था कर लें। इस वर्ष आरंग ब्लॉक के लखौली सहित आसपास के गांवों में भूरा माहो (ब्राउन प्लांट हॉपर्स) का प्रकोप किसानों के लिए पहले ही भारी नुकसान का कारण बना हुआ है।



फाइल फोटो

किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ हजारों रुपए खर्च कर दवाइयां डालने के बावजूद भी माहो का प्रकोप पूरी तरह थमा नहीं है। गांवों के कई किसानों ने बताया कि इस बीमारी के कारण धान के पौधे झुलसने लगे हैं और उत्पादन में पहले से 30 से 40 प्रतिशत तक गिरावट की आशंका जताई जा रही है। अब जब धान कटाई का समय चल रहा है, ऐसे में लगातार बारिश ने किसानों की नींद उड़ा दी है। खेतों में पानी भरने से ढंग से चेन वाली हारवेस्टर मशीनें भी नहीं चल पा रहीं, जिससे फसल कटाई में और देरी हो सकती है। कई किसान पहले ही बढ़े हुए मजदूरी, खाद व दवाई खर्चों के कारण आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, ऐसे में बारिश की मार से स्थिति और गंभीर हो सकती है। लखौली निवासी किसान जितेंद्र साहू ने बताया इस साल हमने फसल में भरपूर मेहनत की, लेकिन भूरा माहो के बाद अब बारिश की खबर ने फिर से बेचैन कर दिया है। अगर खेत में पानी भर गया तो आधी फसल खराब हो जाएगी। इसी तरह कुकरा के किसान कृष्णा साहु ने कहा कि हमने हर संभव उपाय किया, लेकिन मौसम अब पूरी तरह फसल पर निर्भर हो गया है। अगर मौसम ने साथ नहीं दिया तो इस बार नुकसान तय है। किसानों नेशासन-प्रशासन से मांग की है कि संभावित बारिश और नुकसान की स्थिति को देखते हुए फसल सर्वे एवं बीमा दावों की तैयारी समय रहते शुरू की जाए ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके।

# घर से सीसीटीवी कैमरा, नकदी और कीमती सामान की चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

चंदखुरी फार्म क्षेत्र में विगत रात को अज्ञात चोरों ने शिव ऑटो पार्ट्स के संचालक घनश्याम वर्मा के निवास पर धावा बोलकर बड़ी चोरी को अंजाम दिया। चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे और ताले को तोड़कर कीमती सामान और नकदी चुरा ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह वारदात सुनसान मकान को निशाना बनाकर की गई, जिसे पुलिस दिवाली त्योहार के दौरान चोरों की सक्रियता से जोड़कर देख रही है।

- अज्ञात चोरों की तलाश में पुलिस जुटी

घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर हसौद थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों की पहचान के लिए स्थानीय लोगों से सहयोग मांगा है। मंदिर हसौद थाना प्रभारी ने बताया कि चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया और सीसीटीवी कैमरे को निष्क्रिय करने का प्रयास किया।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे अज्ञात व्यक्तियों की जानकारी या पहचान हो, तो वे तत्काल मंदिर हसौद थाने में संपर्क करें। साथ ही, स्थानीय निवासियों से सतर्क रहने और अपने घरों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का आग्रह किया गया है। दिवाली के त्योहारी सीजन को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी है। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है, और पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने के लिए त्वरित कार्रवाई कर रही है।

# कर्मचारी व पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की मांग

**आरंग।** कर्मचारी व पेंशनरों को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर केशलेस चिकित्सा लाभ देने की मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से की गई है। वर्तमान में चिकित्सा सुविधा की प्रक्रिया जटिल होने के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों के इलाज हेतु परिवारजनों को जेवर, जमीन गिरवी रखकर और कर्ज लेकर इलाज कराना पड़ता है। यह स्थिति और भी गंभीर तब हो जाती है जब मरीज को इलाज के दौरान वेतन राशि भी प्राप्त नहीं होती, जिससे आर्थिक संकट और बढ़ जाता है। इलाज के बाद कर्ज चुकाने और अपनी राशि प्राप्त करने में कर्मचारियों व पेंशनरों को कई प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसी समस्याओं से बचाने हेतु केशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की मांग संगठन द्वारा समय-समय पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायकों व जनप्रतिनिधियों से की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत, राजस्व, पुलिस, सेना व समस्त कर्मचारी और पेंशनरों को केशलेस चिकित्सा की सुविधा देने की मांग संगठन के पदाधिकारियों प्रदेश अध्यक्ष उषा चंद्राकर, संरक्षक राकेश कुमार, विनोद सिंह, रमेश कुमार नेगी, लिखेश वर्मा, विजय कोचेन्द्, मंजुलता शोरी, दिलेश्वर साव, आजु राम सिंहा, पीयूष कुमार गुप्ता, राजकुमार दीपक, पं. छत्रधर दीवान, खेदु राम चंद्राकर, संतोष साहू, तेजराम साहू, तुलाराम पाल, प्रेम लाल साहू, एम.आर. साहू, लक्ष्मण साहू, मनिहार साहू, पेमन साहू, भास्कर यादव, भारत, ओंकार वर्मा, सुनील व समस्त कर्मचारी व पेंशनरों ने की है।

# 45 उपद्रवी जेल दाखिल, 60 पर बाउंड्रीओवर की कार्रवाई



**तिल्दा नेवरा।** दीपावली व मातर पर्व के दौरान थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्र में शांति पूर्वक त्यौहार संपन्न कराने व किसी प्रकार की गंभीर घटना घटित न हो इस आशय से निरीक्षक रमाकांत तिवारी थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के नेतृत्व में थाना तिल्दा नेवरा पुलिस एवं एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की संयुक्त पेट्रोलिंग टीम तैयार कर लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग/भ्रमण करते हुये ग्रामीण अंचल के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिको के सहयोग से सफलता एवं शांति पूर्वक पर्व संपन्न कराया गया। तिल्दा पुलिस की समाजिक व निजी परिशांति भंग करने वालो के बिरुद्ध भविष्य मे भी कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। पेट्रोलिंग/भ्रमण के दौरान क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले असमाजिक तत्वों एवं संदिग्ध को तत्काल हिरासत में लेकर शांतिभंग एवं संज्ञेय अपराध घटित करने के पूर्व ही गिरफ्तार करते हुये तत्काल उपद्रवी तत्वों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर कुल 46 आरोपियों को जेल भेजा 60 से अधिक व्यक्तियो की बाउंडओवर की कार्यवाही न्यायालय से कराई गई।

# अन्नपूर्णा मुहिम से कलयुग में सतयुग की शुरूआत, सत्संग में दिया जनसेवा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

रायपुर जिले के धरसीवां से 3 किलोमीटर दूर स्थित नगर पंचायत कुंरा के बाजार चौक पर आज, 26 अक्टूबर को बंदीछोड़ सतगुरु रामपाल जी महाराज की असीम दया से एक दिवसीय जिला स्तरीय विशाल सत्संग का भव्य आयोजन किया गया।

सुबह 11:00 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और सतगुरु के अनमोल ज्ञान को श्रवण किया। यह सत्संग मुख्य रूप से एलईडी टीवी के माध्यम से किया गया, जिसमें सतगुरु रामपाल जी महाराज ने अपने अमृत वचनों से उपस्थित जनसमूह को भक्ति, अध्यात्म और मानव कल्याण का संदेश दिया। सत्संग के दौरान, वक्ताओं और सतगुरु के संदेश ने इस बात पर जोर दिया कि सतगुरु

- धरसीवां विधान सभा के कूंरा में जिला स्तरीय भव्य सत्संग का सफल आयोजन

रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में शुरू की गई 'अन्नपूर्णा मुहिम' किस तरह आज के कलयुग में सतयुग के मूल्यों को स्थापित कर रही है।

**अन्नपूर्णा मुहिम' के प्रमुख बिंदुः** निःस्वार्थ सेवा और समर्पणः सत्संग में बताया गया कि सतगुरु के अनुयायी बिना किसी दिखावे या दान के सिर्फ अपने निजी साधनों से यह सेवा कर रहे हैं। यह निःस्वार्थ सेवा ही सतयुग का मूल आधार है।

पाँच सूत्रीय सहायताः वक्ताओं ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अन्नपूर्णा मुहिम केवल भोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और चिकित्सा के पाँच मूलभूत सिद्धांतों पर काम कर रही है, जिससे हर जरूरतमंद को सम्मान के साथ जीवन जीने का हक मिले।

**लाचारों को मिला संबलः** मंच से उन परिवारों की कहानियाँ भी सुनाई गईं, जिन्हें इस मुहिम ने सहारा दिया। इसमें लकवाग्रस्त और नेत्रहीनता से जूझ रहे उन परिवारों का उल्लेख किया गया, जिन्हें भीख मांगने की मजबूरी से निकालकर गरिमापूर्ण जीवन दिया गया है।

## हास्य-व्यंग्य, श्रृंगार और छत्तीसगढ़ी कविताओं ने कवि सम्मेलन को सजाया

# मातर व भाईदूज समारोह में प्राध्यापक शिक्षक और छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर/चंदखुरी

मातर एवं भाईदूज के अवसर पर ग्राम कोलर में हर्षोल्लास के साथ ग्राम गौरव प्रतिभा परिवार सम्मान सह दीपावली मिलन समारोह एवं विराट हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं अध्यक्षता विधायक इंद्रकुमार साहू ने की। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ प्रथम सत्र में शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं लगभग 20 शिक्षकों को मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं विधायक द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर ग्राम गौरव प्रतिभा परिवार सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री गुरू खुशवंत साहेब

- मंत्री गुरू खुशवंत साहबे ने सरस्वती शिशु मंदिर सारखी के अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए 7 लाख रुपए देने की घोषणा की




ने कहा साहित्य समाज का दर्पण होता है आज प्रदेश संचार क्रांति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है एआई हब से लेकर रोबोटिक्स की पढ़ाई युवाओं के लिए नए अवसर खोल रही है। गुरू खुशवंत साहबे ने सरस्वती शिशु मंदिर सारखी के अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु 7 लाख की घोषणा की।

विधायक इंद्रकुमार साहू ने भाईदूज के पावन पर्व पर भाई-बहन के स्नेह का उल्लेख करते हुए कार्यक्रम की सराहना की और समिति को स्वेच्छानुदान से 10 हजार रूपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की। सम्मानित शिक्षकों में लोकमणी यादव , मनोज कुमार साहू, सत्येंद्र साहू, प्रदीप साहू, शिवकांत साहू, रघुराम साहू, मोनिका साहू, मुक्तानंद ध्रुव, शेषनारायण साहू , गयाराम ध्रुव, शिवकुमार टंडन, लता साहू, सरोज यादव, हरिराम यादव, ओमप्रकाश टंडन, होरीलाल ध्रुव, द्वारिका प्रसाद साहू, खेमलता साहू, भूपेंद्र साहू एवं चुनूराम साहू प्रमुख रहे।

दूसरे सत्र में विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के चर्चित कवियों ने अपनी शानदार रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कृष्णा भारती ने छत्तीसगढ़ी कविता से वाहवाही लूटी, भरत द्वेदी ने पिता पर अपनी भावपूर्ण रचना सुनाई, डा. मयंक शर्मा ने वीर रस की कविताओं से देशभक्ति का जोश जगाया, और अंजुलता साहू ने श्रृंगार रस की कविताओं से वातावरण को रोमांचित कर दिया। संचालन मनोज शुक्ला ने अपने हास्य-व्यंग्य से किया। कार्यक्रम का संचालन कवि डिकेश्वर साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन गजेन्द्र कुमार साहू द्वारा किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु, सभापति अन्नू तारक, जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, तनु महेश साहू, शकुंतला माहेश्वर बांधे, संतोष यदु , डीएसपी गुरुनारायण यादव, किशोर साहू ,हरीराम यादव,गजेन्द्र साहू,गज्जू यादव,सौम्य मिश्रा,रघुराम साहू,दीपक साहू,टीकू साहू,संतोष साहू,महेश साहू,यशकुमार साहू,भारत धुरव,मनोज पटेल,डॉ तोषण साहू सहित अनेकों जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मन की बात सुनी और लिया स्वदेशी अपनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

रविवार को अटल नगर मण्डल के बूथ क्र. 179 स्थित शासकीय निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 127वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरित होकर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने छठ पर्व की भव्यता और भारतीय संस्कृति के



अद्भुत संगम का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरे देश में श्रद्धा और समर्पण का वातावरण व्याप्त है। उन्होंने जीएसटी बचत उत्सव के तहत देशभर में बढ़ती आर्थिक जागरूकता और स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि को भी सराहा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर की अभिनव पहल 'गार्बेज कैफ़े' का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि यह पहल स्वच्छता और सामाजिक संवेदना का अनूठा उदाहरण है, जहाँ लोग प्लास्टिक कचरा देकर भरपेट भोजन प्राप्त कर रहे हैं। इस नवाचार ने देशभर में स्वच्छता के प्रति नई प्रेरणा जगाई है। मन की बात का यह संस्करण नागरिकों में देशहित, स्वच्छता और जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला रहा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष टेशवन बघेल, महामंत्री मनोज यादव, उपाध्यक्ष रिंकू चन्द्राकर, प्रमोद दुबे, चंद्रशेखर बघेल, ठाकुरराम साहू, विजय वर्मा, सुनील डहरिया, रमेश साहू, सुरेश सिन्हा, गोविंद साहू, अंजू जैन एवं मंजू नेताम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# चकल्लस

## निजी अस्पतालों पर रंगा-बिल्ला का खौफ

आयुष्मान योजना के भरोसे चलने वाले जिले के निजी अस्पतालों में इन दिनों स्वास्थ्य विभाग के रंगा-बिल्ला का काफी



खौफ है। दोनों योजना के हितग्राहियों के उपचार के क्लेम में खामियां बताकर अपना स्वार्थ सिद्ध करने में लगे हुए हैं। विभाग और निजी अस्पतालों के बीच समन्वय स्थापित करने वाले इन कर्मचारियों के हौसले बुलंद होने की वजह राज्य स्तर पर ऑडिट कार्यों के लिए टीपीए कंपनी नियुक्त नहीं करना है। निजी अस्पतालों को आधा-आधा बांटकर काम करने वाले इन कर्मचारियों के प्रति निजी अस्पतालों में आक्रोश पनप रहा है, मगर कोई भी अस्पताल प्रबंधन आगे आकर इनका विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। जानकारों का कहना है कि निजी अस्पताल पानी में रहकर मगरमच्छ से बैर नहीं करना चाहते, क्योंकि उनका धंधा भी आयुष्मान के भरोसे चलता है।

## डॉक्टर को चढ़ा प्रोटोकॉल का भूत

सबसे बड़े सरकारी अस्पताल की उपचार व्यवस्था को सुधारने के लिए नियुक्त डॉक्टर इन दिनों प्रोटोकॉल की बीमारी से ग्रसित हो गए हैं। किसी भी समस्या पर मातहतों से सीधी चर्चा के बजाय वे मसला प्रोटोकॉल के तहत उन तक पहुंचाने पर जोर दे रहे हैं। डॉक्टर साहब के इस शौक का असर मरीजों के जरूरी उपचार पर पड़ने लगा है। कई सीनियर डॉक्टर इस शौक की वजह से उनके पास जाने से कतराने लगे हैं। इस समस्या की वजह से पिछले चार माह से एक बड़े विभाग में मरीजों का उपचार अटका पड़ा है।

## अब जीकर क्या करें...

लोग जिला शिक्षा अधिकारी क्यों बनते हैं? शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए... बच्चों का भविष्य सुधारने के लिए... नहीं...नहीं...। जिला शिक्षा अधिकारी बना जाता है अपना भविष्य सुधारने के लिए। लेकिन अब इस फील्ड में भविष्य सुरक्षित नहीं है। दरअसल, जल्द ही स्कूलों को मान्यता देने का अधिकार माध्यमिक शिक्षा मंडल और जिला शिक्षा कार्यालय से छीन जाएगा। फिर क्या होगा, आप खुद ही समझ जाइए। यही कारण है कि जो डीईओ बन चुके हैं, उनका मन दुखी-दुखी सा रहने लगा है। वे दुखी अंदाज में गाते फिर रहे हैं- अब जीकर क्या करें?

## सो लेते हैं पहले

दुनिया में हर किस्म के लोग होते हैं और हर किस्म के लोगों के अपने-अपने जरूरी काम भी होते हैं। अब तकनीकी विवि वालों



को ही ले लीजिए। बच्चों को इंजीनियरिंग सीखाने या दवाई के फॉर्मूले पढ़ाने से कई गुणा अधिक बेहतर उन्हें सोना लगता है। दुनिया-जहां के लोग जब राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बदलाव कर चुके होते हैं, उसके बाद प्रदेश का एकलौता तकनीकी विवि जागता है और बदलाव की घोषणा करता है। कई माह से यहां सबसे बड़ा पद रिक्त रहा। इसके बाद जो नए वाले साहब आए हैं वे भी अधिकारियों-कर्मचारियों को एक डिपार्टमेंट से दूसरे में भेजने पर ह पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। कुछ अधिकारी तो खासा नाराज भी हैं।

## दो मीठे बोल सबसे बड़ी दवा ...

राजनीति में अनेक व्यक्ति ऐसे हैं, जिन्हें असली नाम के बजाय उनके चालू नाम से जाना जाता है। हर पार्टी में अनेक ऐसे नाम हैं, जिन्हें रिश्तेदारी में उपयोग किया जाता है। राजनीति में पांच साल भले ही पर्याप्त होते हैं, लेकिन सत्ता में बैठे लोग और आने के लिए मेहनत करने वालों के लिए कम ही होते हैं। विपक्ष में बैठे लोग मन में मलाई खाते हैं। पक्ष में बैठे लोग वास्तविक रूप से मलाई खाते हैं। आम लोगों को लगता है कि सब मीठे बोल बोलकर ही उनका मान रखेंगे। मिठलबरा के बोल लोगों को भरमा कर ही उनकी भावनाओं से खेलते हैं। अब उन्हें भी लगने लगा है कि काम हो या न हो, दो मीठे बोल ही सबसे बड़ी दवा हो गई है।

## मेरी मर्जी...

प्रदेश के मंत्रियों ने अपने स्वेच्छानुदान मद को खैरात बांटने का जरिया बना लिया है। जरूरतमंद लोगों को दी जाने वाली यह राशि धन्ना सेठ और सक्षम लोगों को देकर खुला उल्लंघन किया जा रहा है। दरअसल एक मंत्री ने स्वेच्छानुदान से अपने क्षेत्र के अव्वल दर्जे के व्यापारी को राशि दे दी है। जिनके पिता के नाम पर पेट्रोल पंप संचालित है, उन्हें डेढ़ लाख से अधिक का अनुदान दे दिया गया। मंत्री को यही एक जरूरतमंद दिखते हैं तो उनके क्षेत्र के गरीब जनता का क्या होगा, जिन्होंने उनको अपना वोट देकर विधानसभा भेजा है।

## समय-समय की बात

छत्तीसगढ़ के सरकारी सेवकों की हाजिरी के लिए सरकार आधार बेस्ड अटेंडेस सिस्टम लागू करने जा रही है। कर्मचारियों के



अलग-अलग संगठनों के सुर इसे लेकर मेल नहीं खा रहे हैं, मंत्रालय के एक संगठन ने इसका दबी जुबान में विरोध शुरू कर दिया है। एक और संगठन ने कहा है कि आधार बेस्ड करने से साइबर क्राइम का खतरा है, इसलिए बायोमैट्रिक प्रणाली लागू कराई जाए। एक और संगठन की राय जरा अलग है, उनका कहना है कि जो कर्मचारी-अधिकारी समय पर नहीं आते, कभी भी, समय-बेसमय गायब हो जाते हैं, वही लोग विरोध करते हैं। कुल मिलाकर ये बात सही लगती है। ये तो समय पर न आने और समय से पहले चले जाने की बात ही है।

## ओले पड़ने का इंतजार...

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का संगठन पहले ही लगातार चुनावी हार की वजह से निराश हो गया है। जो भारी निष्ठावान हैं, वही पार्टी में बने हुए हैं। इस हालत में भी पार्टी को ये बात सूझी कि जिला स्तर पर संगठन सृजन अभियान चलाया जाए। अब हुआ ये कि कई दावेदारों को समर्थन नहीं मिला तो उन्होंने पार्टी छोड़ने का इरादा कर लिया, लेकिन बाकी का क्या होगा? ये सवाल इसलिए कि पार्टी के लोगों को आशंका है कि जब अध्यक्षों की सूची आएगी तो कई और लोग विरोध में मुखर हो सकते हैं, या पार्टी छोड़ सकते हैं। एक पुरानी कहावत है, सिर मुड़ाते ही ओले पड़े। कांग्रेस में ओले पड़ने का इंतजार भी हो रहा है।

जिया कुरैशी, सुरेंद्र शुक्ला, विकास शर्मा, रुचि वर्मा

# सरकारी अस्पतालों में अभी भी छुट्टी का माहौल, आधे मरीज लौटे, स्टॉफ भी आधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि लाइव

सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के मन से दिवाली की छुट्टी का असर खत्म नहीं हो पाया है। सामान्य दिनों में होने वाली ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या फिलहाल आधी है। त्योहार के दौरान छुट्टी पर गए कई हेल्थ सेंटरों के पूरे स्टॉफ की भी वापसी नहीं हुई है। त्योहार मनाने के लिए आंबेडकर अस्पताल से अघोषित छुट्टी लेकर जाने वाले मरीज धीरे-धीरे वापस लौट रहे हैं। संख्या और जरूरतों के आधार पर उनकी नियमित सर्जरी भी की जा रही है।

दिवाली त्योहार को सप्ताहभर बीतने को है, मगर त्योहारी सीजन में बना छुट्टी का मूड अन्य अवकाश की वजह से खत्म नहीं हो पाया है। सरकारी अस्पतालों में इसका असर साफ नजर आ रहा है। पिछले चार दिनों से इन अस्पतालों में नियमित रूप से ओपीडी हो रही है, मगर यहां आने वाले मरीजों की संख्या काफी कम है। आंबेडकर अस्पताल की ओपीडी सात से आठ सौ तक सिमटी हुई है तो डीके हास्पिटल, जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या पांच सौ के भीतर है। पीएचसी और सीएचसी स्तर के अस्पतालों में सुबह शुरू होने वाली ओपीडी दोपहर 1 बजे के पहले की समाप्त हो जा रही है। वहीं आंबेडकर अस्पताल में सामान्य दिनों की तरह होने वाली गहमागहमी अभी नजर नहीं आ रही है। अस्पतालों में त्योहार के दौरान कई स्टाफ छुट्टियों पर गए हैं, उनके सोमवार के बाद वापस लौटने की उम्मीद है। दूसरी ओर त्योहार के पहले खाली हो चुके आंबेडकर अस्पताल के कई विभागों के बेड पर मरीज वापस लौटने लगे हैं।

## सामान्य दिनों की ओपीडी में मरीजों की संख्या कम, समय से पहले पूरी हो रही जांच

### इमरजेंसी का दबाव

ओपीडी में भले ही आने वाले मरीजों की संख्या कम हो, मगर आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में आपात स्थिति में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की संख्या काफी अधिक है। दोपहर होने के बाद विभिन्न तरह की घटनाओं में चोटिल होकर मरीज देर रात तक इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। दिवाली के दो दिन में यहां दो सौ से ज्यादा एमएलसी के प्रकरण इलाज और जांच के लिए पहुंचे थे।







### समुचित इलाज के निर्देश

छुट्टियां समाप्त होने के बाद सभी स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल में स्टाफ को निर्धारित ड्यूटी में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। आने वाले मरीजों को आवश्यकता के अनुसार समुचित इलाज मिले, इसकी सख्त हिदायत दी गई है।

*- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ, रायपुर*

### बैठकों का भी दबाव

स्वास्थ्य विभाग त्योहार के बाद आने वाले दिनों में होने वाले राज्योत्सव की तैयारियों में व्यस्त है। राज्योत्सव के दौरान होने वाले कार्यक्रमों में विभागीय उपस्थिति की तैयारियों के लिए योजना बनाने बैठकों का दौर चल रहा है। इसे लेकर जिला से लेकर ब्लाक स्तर के अधिकारियों एवं अन्य स्टाफ की लगातार मीटिंग हो रही है। राज्योत्सव स्थल पर स्वास्थ्य विभाग का शिविर लगाया जाएगा।

## राहत ऐसी...3100 में खरीदी, अभी भी खर्च से दोगुनी हो रही आय

# बारिश, बीमारी ने बढ़ाई धान की लागत 35 हजार तक पहुंचा प्रति एकड़ खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में एक एकड़ धान की खेती की कुल लागत औसतन 30 से 35 हजार रुपए के बीच आ सकती है। यह खेती के तरीके पर निर्भर करता है। खेती से पहले इसे तैयार करने से लेकर फसल की कटाई के सभी कार्य शामिल हैं। लागत का अनुमान कुछ इस प्रकार लगाया जाता है।

जैसे जुताई और खेत को तैयार करने में 2 से 3 हजार रुपए, रोपाई में करीब 20 से 25 हजार तक का खर्च आता है। सूखे की तुलना में रोपा-मताई और रोपा-बियासी में प्रति एकड़ लागत अधिक आती है। इसमें बीज, खाद, कीटनाशक और जुताई जैसी लागत शामिल हैं। खेती के तरीके के अनुसार खर्च बढ़ता और कम होता है। सूखे की तुलना में रोपाई और रोपा-बियासी में प्रति एकड़ लागत अधिक आती है। धान की रोपाई और कटाई में लगने वाले श्रम की लागत भी इसमें शामिल है। फसल तैयार होने के बाद कटाई में प्रति एकड़ 2 से 3 हजार रुपए का खर्च आता है। इस प्रकार देखा जाए तो प्रति एकड़ धान की खेती में औसत रूप से लगभग 35 हजार रुपए तक खर्च आता है। अगर मौसम की मार फसल पर पड़ती है तो किसानों को कीटनाशक और खाद का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है।



### लागत की दोगुनी कीमत

प्रदेश सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से खरीदी करती है। किसानों को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाता है। पंजीकृत किसानों से सोसायटी के माध्यम से धान की खरीदी और भुगतान किया जाता है। देखा जाए तो एक एकड़ में लगे धान को बेचने पर किसान को 65,100 रुपए भुगतान किया जाता है। धान बेचने के दो-तीन दिन बाद उन्हें समर्थन मूल्य पर जो दर होती है, उनके खाते में अंतरण की जाती है। अंतर की राशि बाद में अंतरण की जाती है। ऐसे में किसानों को लागत की दोगुनी कीमत मिल जाती है।

### एक एकड़ में उत्पादन

प्रदेश में अर्ली वैरायटीज से लेकर मोटा और पतला धान उगाने की प्रथा है। अर्ली वैरायटीज का धान समय से पूर्व तैयार हो जाता है। जुलाई से लेकर अक्टूबर माह के अंत तक धान की फसल तैयार हो जाती है। किसान उसके बाद कटाई और मिंजाई करते हैं। कई जिलों में धान का उत्पादन सोसायटियों में बेचने के नाम पर किया जाता है। अमूमन मोटा धान ही लगाया जाता है। किसानों को धान की फसल में एक एकड़ में औसतन 25 क्विंटल तक उत्पादन प्राप्त होता है।

### कटाई और बिक्री के समय में अंतर से बढ़ता है खर्च

फसल की कटाई के बाद धान की खरीदी में करीब एक पखवाड़े से लेकर महीनेभर की देर होती है। किसान अपनी फसल की मिंजाई कर लेता है। उसके बाद धान बेचने का समय आने तक उसे धान को सुरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। अक्टूबर माह के अंत और नवंबर माह की शुरुआत तक धान की नमी और अन्य सुरक्षा मानदंडों को जांचने के बाद खरीदी केंद्र पहुंचता है। अगर उसका धान सही समय में बिक जाता है तो उसका खर्च कम हो जाता है। अगर देर होती है तो उसे 3 से 5 हजार रुपए तक का अतिरिक्त भार आता है। अमूमन 1 से 15 नवंबर के बीच ही धान खरीदी शुरू की जाती है।

### खर्च का ब्योरा

- खेत तैयार करने में खर्च 2 से 3 हजार
- बीज, खाद, कीटनाशक और रोपाई में खर्च 25 हजार तक
- कटाई में एक एकड़ में खर्च 2 से 3 हजार
- मौसम की मार से अतिरिक्त कीटनाशक पर खर्च 3 हजार

# यूपीएससी- पीएससी कोचिंग के नाम पर लाखों की ठगी, डायरेक्टर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- दो दर्जन से ज्यादा छात्रों ने सरस्वती नगर थाने में दर्ज कराई थी रिपोर्ट

प्रतियोगी परीक्षाओं के नाम पर कोचिंग सेंटर की आड़ में 19 छात्रों के साथ 18 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने कौटिल्य एकेडमी के डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि एकेडमी का संचालक छात्रों से रकम लेने के बाद कुछ समय कोचिंग सेंटर संचालित करने के बाद सेंटर बंद कर पत्नी सहित फरार हो गया। घटना पिछले वर्ष नवंबर की है।

ठगी के आरोप में सरस्वती नगर पुलिस ने कोचिंग सेंटर के संचालक पवन टांडेश्वर को गिरफ्तार किया है। छात्रों ने पवन की पत्नी रूबी मजूमदार के खिलाफ भी ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, पवन ने छात्रों को कोचिंग सेंटर किसी दूसरी जगह शिफ्ट करने झांसा दिया और छात्रों से फीस के पैसे लेकर फरार हो गया था। छात्र कोचिंग सेंटर संचालक से कॉल कर संपर्क करते थे तो कोचिंग संचालक उन्हें जल्द सेंटर खोलने का झांसा देता था। कुछ समय के बाद कोचिंग सेंटर के संचालक पवन ने अपने मोबाइल बंद कर दिए। इसके बाद छात्र कोचिंग सेंटर संचालक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे।

### फैकल्टी के साथ भी की धोखाधड़ी

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने कोचिंग में पढ़ाने वाले फैकल्टी सदस्यों को सैलरी चेक के माध्यम से दी थी, चेक बैंक में जमा करने पर साइन मिसमैच होने से सभी चेक बाउंस हो गए। इस पर फैकल्टी में शामिल कई शिक्षकों ने भी पवन के खिलाफ थाने में अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई हैं।

## बहरीन एशियन यूथ गेम्स में बतौर जूडो निर्णायक अरुण आमंत्रित

रायपुर। ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया द्वारा बहरीन में आयोजित एशियन यूथ गेम्स में भारत के छत्तीसगढ़ प्रदेश से प्रदेश



जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी को जूडो खेल के लिए इंटरनेशनल तकनीकी अधिकारी के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी देते हुए छग प्रदेश जूडो संघ के सचिव शंभू सोनी एवं संयुक्त सचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि एशियन यूथ गेम्स में जूडो प्रतियोगिता 27 से 31 अक्टूबर तक खेली जाएगी, जिसमें राज्य के अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक अरुण द्विवेदी अपनी निर्णायक प्रतिभा से भारत एवं छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करेंगे।

## छत्तीसगढ़ महतारी की स्थापना एक नवंबर को करेंगे राज्य आंदोलनकारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलनकारी संगठन, छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी और छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा ने मिलकर राज्य के 25 साल पूरे होने पर 26वां राज्योत्सव तीन सत्रों में मनाने का निर्णय लिया है। इन आयोजनों में प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, छत्तीसगढ़ी लोकनृत्यों की प्रस्तुति और छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य प्रतिमा का अनावरण शामिल है। राज्योत्सव को लेकर रविवार को समिति की बैठक छत्तीसगढ़ी भवन, राज्य आंदोलनकारी स्थल हांडीपारा में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य आंदोलनकारी छसपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष एवं रजत जयंती राज्योत्सव के प्रभारी अनिल दुबे ने संपूर्ण कार्ययोजना को क्रियान्वित करने के लिए मीडिया प्रभारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी, भोजन व्यवस्था प्रभारी, रैली प्रभारी, वाहन प्रभारी का गठन किया। साथ ही राज्योत्सव 3 सत्र में करने का निर्णय लिया गया। 1 नवंबर को राज्य आंदोलनकारी स्थल छत्तीसगढ़ी भवन के मुख्य द्वार पर छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य प्रतिमा का अनावरण शाम 4 बजे प्रमुख राज्य आंदोलनकारियों के अतिथि अतिथियों में होगा। बैठक में अनिल दुबे, दाऊ जीपी चंद्राकर, जागेश्वर प्रसाद, दीनदयाल वर्मा, लालाराम वर्मा, वेगेंद्र सोनवेर, विमल ताम्रकार आदि उपस्थित थे।

## बालको मेडिकल सेंटर ने आयोजित किया 'बीएमसी साइक्लोथॉन-25

**बिजनेस साइट**



रायपुर। विश्व स्तन कैंसर जागरूकता माह (अक्टूबर) के अवसर पर बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर द्वारा 'बीएमसी साइक्लोथॉन–25' का आयोजन किया गया। इस वर्ष की डब्ल्यूएचओ थीम "हर कहानी अनोखी है, हर सफर मायने रखता है " के साथ-साथ कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और "शर्म छोड़ो-गांठों पर बोलो" का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के दौरान बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने कैंसर के सामान्य लक्षणों की जानकारी दी। इस साइक्लोथॉन में रायपुर, भिलाई और राजनांदगांव से कई साइक्लिंग ग्रुप्स, पैरा ओलंपिक एसोसिएशन के ट्राय साइक्लिस्ट्स, एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा एवं उनके जुम्बा ग्रुप, साथ ही एनआरएएनवीपी की महिला ऑटो चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# छठ पूजा के लिए आज सुबह छोड़ेंगे पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सूर्य उपासना के महापर्व पर व्रतियों के लिए निगम ने की व्यवस्था
- महादेवघाट पर अर्ध्य देने सोमवार को छोड़ा जाएगा पानी

भगवान सूर्यदेव की उपासना और छठी मइया की महिमा से जुड़े छठ महापर्व के व्रतियों को खारुन नदी स्थित महादेवघाट पर भगवान सूर्य को अर्ध्य देने और नदी में पवित्र स्नान के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा।

नगर निगम का जल विभाग सोमवार की सुबह खारुन नदी में पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति करेगा। महापर्व पर नदी घाट में व्रतियों को नदी में डुबकी लगाने के समय पानी की कोई कमी नहीं होगी। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि एनीकट में 2 इंच ओवरफ्लो की स्थिति है, इसलिए छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए सोमवार की सुबह खारुन नदी स्थित महादेवघाट में उपासकों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति होगी। इसके अलावा महादेवघाट के छठ महापूजा आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा निशुल्क पानी टैंकर की व्यवस्था की गई है, ताकि उपासकों को किसी तरह की असुविधा न हो।

# सामाजिक विकास का मूलमंत्र है शिक्षा, इसके बिना जीवन अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि सफल जीवन का मार्ग है। सामाजिक विकास का मूलमंत्र शिक्षा है। चाहे जीवन जीने की कला हो, व्यापार, कृषि या कोई अन्य क्षेत्र-प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के लिए शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

ये बातें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज के शपथ ग्रहण एवं दीपावली मिलन समारोह को संबोधित करते कहीं। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रारंभ से ही शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। राज्य गठन के समय जहां केवल एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं आज प्रदेश में लगभग 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज के अध्यक्ष भरतदास मानिकपुरी सहित समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



### समाज का आदिकाल से अतुलनीय योगदान

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि आज समाज को संगठित होने की आवश्यकता है, क्योंकि संगठित समाज से ही राष्ट्र मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि आपके समाज का कला और साहित्य के क्षेत्र में भी आदिकाल से अतुलनीय योगदान रहा है। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के दौरान काछनदेवी रस्म में देवी मां जिस कन्या पर अवतरित होती हैं, वह भी पनिका समाज की होती है, यह निश्चित ही पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूलमंत्र है- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। उनके मार्गदर्शन में हमारी सरकार पिछले 22 महीनों से सभी वर्गों के कल्याण के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# 1 नवंबर से जनरल कोच में भीड़ होगी सामान्य, एक्सप्रेस में अब भी यात्रियों का रेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

दीपावली के बाद अब लोकल ट्रेनों में यात्री सामान्य हो चुके हैं, लेकिन एक्सप्रेस ट्रेनों में अभी भी भीड़ बनी हुई है। अनुमान है कि 1 नवंबर से यात्रियों की आवाजाही पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। शनिवार को रायपुर से डोंगरगढ़, रायगढ़, गोंदिया और बिलासपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों में सुबह से दोपहर तक भीड़ रही, लेकिन शाम तक यह भी घट गई। हालांकि छत्तीसगढ़, गोंडवाना, संपर्क क्रांति, समता और हावड़ा रूट की ट्रेनों के जनरल कोच में अब भी निर्धारित सीटों से ज्यादा यात्री सफर कर रहे हैं।

रायपुर स्टेशन से यात्रियों की आवाजाही दीपावली के समय एक लाख तक पहुंच गई थी, वह अब घटकर 70 से 80 हजार के बीच आ गई है। फिलहाल सबसे ज्यादा भीड़ उत्तरप्रदेश और बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में देखी जा रही है। इसके अलावा पर्व मनाकर लौट रहे यात्री बसों में भी नजर आए। रविवार को लौटने वाले यात्रियों की संख्या, जाने वालों की तुलना में अधिक रही।

### जनरल कोच खचाखच भरे

ट्रेनों में भीड़ इस कदर बढ़ गई है कि यात्रियों को दरवाजे पर लटकते हुए सफर करना पड़ रहा है। जनरल कोच में तय सीमा से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। रविवार सुबह को डोंगरगढ़-बिलासपुर पैसेंजर यात्रियों से खचाखच भीड़ रही। इसके अलावा एक्सप्रेस ट्रेन के स्टेशन पर रुकते ही भीड़ दोगुनी हो गई। यात्री सीट तक पहुंचने के लिए एक तरह से जंग लड़ते नजर आए।

**यात्रियों की संख्या एक लाख से घटकर 70 से 80 हजार के बीच पहुंची**



### छोटी बसों में भी एडवांस में बुकिंग

आमतौर पर लंबी दूरी की बसों में ही एडवांस में बुकिंग होती है, लेकिन दीपावली से लौटने के लिए लोगों ने एक दिन पहले से ही अपनी सीट बुकिंग करा ली थी, ताकि बैठने के लिए सीट मिल सके। रायपुर से सरायपाली के बीच चलने वाली बस के संचालक ने बताया कि बस में जो पहले आता है, सीट उन्हें मिलती है, लेकिन कुछ लोग एक दिन पहले बस स्टैंड पहुंचकर सीट बुकिंग करा लेते हैं। दोपहर के समय बसों में खासी भीड़ रही।

### दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन में अतिरिक्त एसी कोच

*यात्रियों की बढ़ती मांग और दीपावली-छठ जैसे त्योहारों के चलते रेलवे प्रशासन ने दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 08760/08761) में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। यह सुविधा 26 अक्टूबर 2025 को दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन जाने वाली ट्रेन (08760) और 27 अक्टूबर 2025 को निजामुद्दीन से दुर्ग लौटने वाली ट्रेन (08761) में उपलब्ध रहेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस अतिरिक्त कोच की सुविधा से ज्यादा यात्रियों को कन्फर्म बर्थ मिलेगा और सफर आसान व आरामदायक होगा।*

## खबर संक्षेप



### पुलिस के फुल फॉर्म के माध्यम से साइबर सुरक्षा के दिए निर्देश महत्वपूर्ण

**रायपुर।** पूरे देश में 1 से 31 अक्टूबर तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत 24 अक्टूबर को पॉवरग्रिड कर्मचारियों, उनके परिवारों और संविदा श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने साइबर अपराध की समस्याओं, उनसे बचाव के उपाय और सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत सतर्कता की अहमियत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पुलिस के फुल फॉर्म के माध्यम से साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिसमें पी-से अपना पासवर्ड कभी भी साझा न करें, ओ-से अपने वन टाइम पासवर्ड को सुरक्षित रखें और किसी के साथ साझा न करें, अनजानी या संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।

### केसरी देवी नायक को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता एवं समाज सेवी अधिवक्ता भगवानू नायक की माता केसरी देवी नायक का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि कार्यक्रम में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी समेत राजनीति और समाजसेवा से जुड़े सैकड़ों नेताओं और नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। श्रद्धांजलि देने वालों में महेश देवांगन, राजीव कुमार गांधी, आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### केपी तिवारी



**रायपुर।** रायपुर निवासी एडवोकेट केपी तिवारी (जरौद-उमरिया वाले) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 अक्टूबर को महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे सावित्री तिवारी के पुत्र, विद्या तिवारी के पति, ओमप्रकाश तिवारी के अनुज और पीयूष-श्रुति के पिता थे।

### नितेश शुक्ला



**रायपुर।** महामाया पारा निवासी नितेश अन्टु शुक्ला का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 अक्टूबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे जयेश शुक्ला के बड़े भाई और शीबू शुक्ला के भतीजे थे।

### बिसौहाराम साहू



**रायपुर।** संजय नगर टिकरापारा निवासी बिसौहाराम साहू (77) का 26 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सरजूबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे हरिशंकर साहू के पिता थे।

### पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया अपराध

# राज्योत्सव के पूर्व छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ी, क्रांति सेना ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्योत्सव के पूर्व वीआईपी चौक स्थित क्रांति सेना द्वारा स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़े जाने को लेकर रविवार को बवाल हो गया। मौके पर पहुंचे क्रांति सेना के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। हंगामे को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल सहित 61 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। मौके पर भारी पुलिसबल तैनात करना पड़ा। एएससी, सीएसपी सहित पुलिस टीम मौके पर डटी रही। पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक, मूर्ति तोड़े जाने की घटना शुक्रवार को हुई है।

छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़े जाने की जानकारी सोशल मीडिया में वायरल होते ही क्रांति सेना से जुड़े सदस्य मौके पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। हंगामे को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस फोर्स मौके के लिए रवाना की गई। हंगामा शांत नहीं होने पर पुलिस ने क्रांति सेना से जुड़े कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल परिसर ले जाकर छोड़ा। पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज की जांच में जुट गई है। मूर्ति तोड़ने वाले की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

**मुख्यमंत्री साय बोले- दोषी बख्शे नहीं जाएंगे**



### विक्षिप्त पर मूर्ति खंडित करने की आशंका

*घटना की जांच में जुटी पुलिस राम मंदिर तिराहे के पास ऑटो पार्क करने वाले ऑटो चालकों से पूछताछ की। ऑटो चालकों ने पुलिस को बताया कि छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति के आसपास एक विक्षिप्त टहलता रहता है। ऑटो चालकों ने विक्षिप्त द्वारा मूर्ति खंडित किए जाने की आशंका व्यक्त की है। जिस विक्षिप्त के खिलाफ मूर्ति खंडित करने की आशंका व्यक्त की जा रही है, वह पिछले दो दिनों से गायब है।*

### बड़ा सवाल- व्यस्त तिराहे पर किसी की नजर क्यों नहीं पड़ी ?

जिस स्थान पर मूर्ति स्थापित की गई थी, वह शहर के व्यस्त तिराहा है। राम मंदिर तिराहे पर दिन-रात लोगों की आवाजाही होती रहती है। इसके अलावा तिराहे के पास पुलिस की गश्त पाइंट लगती है। ऐसे में किसी के द्वारा मूर्ति खंडित करना कैसे संभव है? घटना शुक्रवार की है। बावजूद इसके जिम्मेदारों को मूर्ति खंडित होने की जानकारी नहीं मिलने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

*छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़े जाने की घटना की जानकारी मिलने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घटना की निंदा की है। साथ ही कहा कि जिसने भी घटना को अंजाम दिया है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना में लिप्त किसी को बख्शा नहीं जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि छत्तीसगढ़ की स्थापना की रजत जयंती पर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ दी गई। राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को तोड़ा जाना जनता का अपमान है। हर एक छत्तीसगढ़िया बेहद गुस्से में है। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है।*

### मूर्ति तोड़ने से सिर अलग हुआ

*राम मंदिर तिराहे के पास स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति को स्थापित किया गया है। शरारती तत्व ने स्थापित मूर्ति तो दीवार से उखाड़कर तोड़ दिया है। तोड़फोड़ करने की वजह से मूर्ति का सिर अलग हो गया है।*

## सियासी पारा चढ़ा, कार्रवाई की मांग, कई संगठनों ने खोला मोर्चा

छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में तोड़फोड़ की घटना के बाद सियासी पारा गरम हो गया है। इस घटना के विरोध में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। वहीं कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, राज्य में संस्कृति और अस्मिता पर लगातार हमले हो रहे हैं। रविवार को राजधानी रायपुर सामाजिक संगठन सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस कृत्य ने पूरे छत्तीसगढ़ की आत्मा को झकझोर दिया है। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के नेता अमित बघेल ने कहा कि पुलिस इसे किसी मानसिक विक्षिप्त का कारनामा बता रही है, लेकिन छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति की स्थिति देखकर यह बात पूरी तरह गलत साबित होती है। मूर्ति की गर्दन तोड़ी गई है और जिस शिलालेख पर डॉ. नरेंद्र वर्मा का नाम लिखा है, केवल उसी हिस्से को खुरचा गया है। यह बताता है कि काम योजनाबद्ध तरीके से किया गया है।



### पूर्व सीएम भूपेश ने साय सरकार को घेरा

घटना को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राज्य की विष्णु देव साय सरकार को घेरा है। उन्होंने सुशासन पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि छत्तीसगढ़ की स्थापना की रजत जयंती पर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ दी गई। राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को तोड़ा जाना जनता का अपमान है। उन्होंने पोस्ट में कहा कि हर एक छत्तीसगढ़िया बेहद गुस्से में है। यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। कहीं यह शासन-प्रशासन के कार्यक्रमों से छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीरों को हटाने वाली भाजपा सरकार की करतूत तो नहीं? भाजपा समझ ले कि अगर जनाक्रोश को अनदेखा किया तो इसका परिणाम भुगतना पड़ सकता है।

### चुप नहीं बैठेंगे

*इस घटना पर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नाग ने भावनात्मक शब्दों में कहा कि आज छत्तीसगढ़ की आत्मा को चोट पहुंचाई गई है। जिसने हमें जन्म दिया, उसकी मूर्ति तोड़ दी गई। जब तक न्याय नहीं मिलेगा और नई मूर्ति स्थापित नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और राज्योत्सव जैसे आयोजनों में भी विरोध जताया जाएगा।*

### कांग्रेस का साय सरकार पर हमला

*घटना को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति को तोड़ना बेहद दुर्भाग्यजनक और निंदनीय है। राज्य में भाजपा सरकार आने के बाद से लगातार छत्तीसगढ़ की संस्कृति, तीज-त्योहार और अस्मिता पर प्रहार हो रहे हैं। भाजपा आदतन संस्कृति विरोधी दल है। जब कांग्रेस सरकार ने यह मूर्ति लगाई थी, तब भी भाजपा ने इसका विरोध किया था। संभव है कि अब भी वही मानसिकता इस घटना के पीछे हो।*

## प्रोफेसर कालोनी में मिली लाश, हत्या की आशंका, अब तक नहीं हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित परशुराम नगर में लाश मिलने से सनसनी मच गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवक के शरीर पर केवल पैंट है, शर्ट गायब है। शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने जांच करने के बाद लाश मरच्यूरी रवाना कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। लाश दो से तीन दिन पुरानी बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, लाश दलदली जमीन में मिली है, जहां घुटनों तक पानी भरा है। आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्ती की कोशिश की गई, पर कोई भी पहचान नहीं सका। जिस स्थान पर लाश मिली है, स्थानीय रहवासियों के अनुसार दीपावली तथा उसके बाद वहां बाहरी लोग बड़े पैमाने पर जुआ खेलने के लिए आते थे। साथ ही जुआ को लेकर आए दिन उनके बीच विवाद की स्थिति निर्मित होती थी। रहवासियों ने आशंका जताई है कि विवाद के चलते किसी ने हत्या कर लाश दलदली जमीन में फेंक दी होगी।



■ जहां लाश मिली, वह दलदली जमीन, घुटनों तक पानी भरा

### असामाजिक तत्वों का रहता है जमावड़ा

स्थानीय रहवासियों के अनुसार, जहां लाश मिली है, उसके आसपास असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। असामाजिक तत्व यहां शराब पीने के साथ जुआ खेलने पहुंचते हैं। इसके चलते स्थानीय रहवासी अंधेरा होने के बाद उस तरफ जाने से बचते हैं। आशंका जताई जा रही है कि लेन-देन के विवाद पर किसी ने हत्या करने के बाद साक्ष्य छिपाने लाश पानी में फेंक दी होगी।

### पीएम रिपोर्ट से होगा खुलासा- हत्या या हादसा

प्रोफेसर कालोनी में लाश मिली है, उसकी शिनाख्ती की कोशिश की जा रही है। हत्या है या पानी से डूबने से मौत हुई है, पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही इसकी पुष्टि होगी। मिर्गी की वजह से या ज्यादा शराब पीने के बाद युवक अपने आपको नहीं संभाल पाया होगा, इस वजह से भी कम पानी में डूबने से मौत हो सकती है। - **दौलतराम पोर्ते,** एएसपी सिटी, पश्चिम

## एयर शो-राज्योत्सव की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



■ कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**रायपुर।** नवा रायपुर में 1 नवंबर से आयोजित राज्योत्सव के अवसर पर होने वाले एयर-शो एवं राज्योत्सव स्थल की तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रविवार को अधिकारियों की बैठक ली। आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव डॉ. रवि मित्तल भी मौजूद थे।कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्देश दिए कि सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता तथा आपातकालीन प्रबंधन की तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि इस बार राज्योत्सव में आने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधा और आकर्षक अनुभव मिले, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

*एयर शो के लिए विशेष दर्शक दीर्घा : राज्योत्सव के अवसर पर आयोजित एयर-शो के लिए विशेष दर्शक दीर्घा, फायर एवं मेडिकल टीम और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल स्थापित करने के कलेक्टर ने निर्देश दिए। इसके अलावा राज्योत्सव स्थल पर वीआईपी एवं मीडिया जोन, पार्किंग स्थल, मुख्य मंच, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बैकस्टेज व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य, सजावट, प्रकाश व्यवस्था और मंच की रूपरेखा का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि राज्योत्सव के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर नम्रता जैन, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।*

## नहीं थम रहा विवाद, मुख्य द्वार पर ही व्यापम ने लगा दिया नियमों का बैनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा भर्ती परीक्षाओं के लिए ड्रेस कोड संबंधित नियमों का निर्माण किए हुए कई माह बीत गए हैं। इसके बाद भी अभ्यर्थी नियमों से परिचित नहीं हैं और प्रत्येक परीक्षा में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। परेशान व्यापम अभ्यर्थियों के प्रवेशपत्र में समय संबंधित नियम मोटे अक्षरों में लिखने लगा है। इसके अलावा परीक्षा केंद्र बनाए गए कई स्कूलों के मुख्य द्वार में भी समय को लेकर स्पष्ट निर्देश देते हुए बैनर लगा दिए गए हैं। किसी भी परीक्षा में ऐसा संभवतः पहली बार हो रहा है, जब बैनर ही मुख्य द्वार पर लगाए जा रहे हैं।

रविवार को व्यापम द्वारा अनुरेखक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। जेएन पांडे स्कूल में निर्मित परीक्षा केंद्र सहित सेंटर में परीक्षार्थी अंतिम समय में पहुंचे। नियमतः उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया। इसके बाद वे अपना प्रवेशपत्र लेकर मुख्य द्वार पर भी विरोध दर्ज कराने लगे। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे तय समय पर केंद्र पहुंच गए थे, जबकि परीक्षा केंद्र के अधिकारियों का मत है कि वे 10.30 के बाद सेंटर पहुंचे, तब तक केंद्र के मुख्य द्वार बंद किए जा चुके थे।



### राजधानी में 771 में से 490 ही पहुंचे

*व्यापम ने रविवार को अनुरेखक भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। इस भर्ती परीक्षा के लिए सिर्फ रायपुर और बिलासपुर में ही केंद्र बनाए गए थे। प्रदेशभर से 1250 आवेदन ही व्यापम को मिले। इनमें से 771 ने रायपुर में पंजीयन कराया था। 771 में से सिर्फ 490 ही परीक्षा दिलाने पहुंचे। दोनों शहरों के केंद्र मिलाकर उपस्थिति के आंकड़े 64.50% रहे। परीक्षा संबंधित गोपनीय सामग्री सुबह 9 बजे जिला कोषालय कलेक्ट्रेट रायपुर से वितरित की गई। परीक्षा के बाद गोपनीय सामग्री समन्वयक केंद्र विज्ञान महाविद्यालय से जिला कोषालय कलेक्ट्रेट रायपुर में दोपहर 3:30 बजे जमा करवाया गया।*

*नीट की तर्ज पर कड़ाई : राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रवेश परीक्षा नीट में सर्वाधिक कड़ाई बरती जाती है। व्यापम भी इसकी तर्ज पर ही व्यवस्था कर रहा है। हल्के रंग के कपड़े पहनने से लेकर स्लीव की लंबाई भी तय कर दी गई है। कपड़ों के रंग और लंबाई को लेकर शुरुआती परीक्षाओं में अधिक विवाद हुए थे। अब अपेक्षाकृत मामले कम हो गए हैं, लेकिन समय को लेकर किचकिच कम नहीं हो रही है।*

## नगर निगम जारी करेगा 100 करोड़ के म्यूनिसिपल बांड, शासन से मिली मंजूरी

- राज्य शासन ने शर्तों के साथ दी अनुमति
- मुनाफा-घाटे की जिम्मेदारी नगर निगम की
- शंकर नगर में 60 करोड़ के फाइनेंशियल हब का प्रस्ताव बांड में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर नगर निगम अब 100 करोड़ की म्यूनिसिपल बांड पॉलिसी लेकर आएगा। राज्य शासन ने शर्तों के साथ 100 करोड़ के म्यूनिसिपल बांड की योजना को स्वीकृति दे दी है। इसके तहत निगम की परियोजना में छोटे और बड़े निवेशक अपना पैसा लगा सकेंगे। निवेशकों को इस प्रणाली के तहत डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए बांड खरीदने की सुविधा मिलेगी। सूत्रों के मुताबिक, इसके लिए नगर निगम एक पोर्टल भी तैयार करेगा, जिसमें निवेश की राशि, ब्याज दर और रिटर्न की जानकारी निवेशकों को हो सकेगी। रायपुर नगर निगम ने राज्य शासन को भेजे अपने प्रस्ताव में निगम बांड के लिए क्रिस्टल आर्किड शंकर नगर में 60 करोड़ की लागत से फाइनेंशियल हब का निर्माण संबंधी प्रस्ताव दिया था। इसके अलावा डूमरतराई मेंबहुमंजिला इलेक्ट्रॉनिक मार्केट का प्रस्ताव शामिल रहा। इंदौर, गाजियाबाद की तर्ज पर अब रायपुर नगर निगम शहर विकास के लिए बांड बेचकर फंड जुटाएगा, ताकि नगर निगम अपने स्तर पर वित्तीय संसाधन बढ़ा सके और राज्य सरकार पर निर्भरता घटे। इस व्यवस्था से नगर निगम के अधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट जल आपूर्ति, सड़क और ग्रीन जोन जैसे प्रोजेक्ट के लिए सीधे जनता से फंड जुटाया जा सकता है। विदित हो कि नगर निगम रायपुर ने शासन को बांड जारी करने प्रस्ताव भेजा था, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। शुरुआती चरण में 100 करोड़ रुपए के निगम बांड जारी किए जाएंगे। इसके तहत नगर निगम को एक निर्धारित ब्याज दर पर निवेशकों को रिटर्न देना होगा। पुणे, अहमदाबाद, इंदौर जैसे नगर निगमों में इसका सफल प्रयोग हो चुका है, जहां संबंधित निकाय के बांड जारी कर करोड़ों की राशि जुटाई गई।

### प्रोजेक्ट में लगेंगे बांड के पैसे

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि म्यूनिसिपल बांड से मिलने वाली पूंजी का उपयोग मुख्य रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर और नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए किया जाएगा। इसमें सोलर लाइटिंग, जल संरक्षण परियोजनाएं, कचरा प्रबंधन सहित अन्य कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।



### केंद्र सरकार से 25 फीसदी सब्सिडी

100 करोड़ रुपए के म्यूनिसिपल बांड पॉलिसी के तहत नगर निगम को केंद्र सरकार सब्सिडी के तौर पर 25 फीसदी राशि प्रोत्साहन के रूप में देगी, यानी निगम को 25 करोड़ रुपए केंद्र सरकार से मिलेंगे।

### राज्य शासन ने नहीं ली जिम्मेदारी इन शर्तों के अधीन अनुमति

*0 नगर निगम को सेबी और आरबीआई से नियम अनुसार मंजूरी भी लेनी होगी।*

*0 राज्य शासन की ओर से इस बांड योजना की कोई गारंटी नहीं दी जाएगी।*

*0 बांड से संबंधित देनदारियां नगर निगम रायपुर की होंगी, इसमें राज्य शासन द्वारा किसी भी प्रकार का कोई वायबिलिटी गैप फंडिंग नहीं की जाएगी।*



रायपुर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025

हरिभूमि लाइव



राजधानी के महादेवघाट, बिरगांव के व्यास तालाब, हीरापुर और आमापारा सहित 40 तालाबों में आज डूबते सूर्य को अर्घ्य

# रंगीन लाइटों से जगमगाए घाट, कई छठ उपासकों ने पूजा स्थल पर जलाए दीए, खरना के बाद शुरू किया निर्जला

'छठ महापर्व के लिए महादेव घाट, व्यास तालाब, हीरापुर पूजा घाट रविवार की शाम ढलते ही रंगीन लाइटों की रोशनी से सराबोर हुआ। नौका विहार की सुविधा देने वाले नाविकों ने उत्सव के लिए नाव को खास साज-श्रृंगार के साथ खारून में उतारा है। अवसर को खास बनाने के लिए शाम को कई उपासक महिलाएं पूजा घाट पर दीपों की श्रृंखला सजाने के लिए पहुंचीं। रविवार की रात में खरना (गुड़, चावल और दूध) खीर और रोटी का भोग घर में लगाने के बाद व्रतधारियों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। कई क्षेत्रों में आसपास के लोगों में प्रसाद वितरण किया। इसके साथ ही व्रतधारियों ने निर्जला व्रत शुरू किया, जो मंगलवार को उगते सूर्य को अर्ध्य देने के बाद ही निर्जला व्रत पूर्ण होगा।'





### शाम को आमापारा तालाब में लगेगा मेला

आमापारा तालाब के घाट पर इस बार भी भव्य छठ पूजा उत्सव का आयोजन होगा। विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बताया कि नहाय खाय के साथ ही निर्जला व्रत भी शुरू हो जाता है। छठ महापर्व का शुभारंभ कार्तिक शुक्ल चतुर्थी शनिवार 25 अक्टूबर से हो गया है। कार्तिक शुक्ल षष्ठी सोमवार को शाम 6.30 बजे डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। कार्तिक शुक्ल सप्तमी मंगलवार को सुबह 6 बजे उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतधारी पारण करेंगे। छठ पूजा के लिए घाट की साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था और सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। व्यवस्था बनाने के लिए समाज के युवा वर्ग को दायित्व दिया गया है। सुरज शर्मा, विनय शर्मा, रोहित,विश्वकर्मा और संतोष विश्वकर्मा सहित युवाओं की टीम इसके लिए सक्रिय रहेगी।

**रायपुर।** शहर में इस बार भी छठ महापर्व का मुख्य आयोजन महादेवघाट में वृहद पैमाने पर किया जाएगा। साथ ही तालाबों में बनाए गए घाट को भी साफ-सुथरा करने के बाद उत्सव स्थल के रूप में रंगीन लाइटों से सजाया गया है। सोमवार की शाम लाखों व्रतधारी बनाई गई व्यवस्था के तहत व्यास तालाब, आमापारा, बोरियाखुर्द, भनपुरी, गुढ़ियारी, आमापारा सहित 40 तालाबों में छठ मईया की पूजा-अर्चना करने



के लिए लाखों की तादाद में पहुंचेंगे। उपासक परमवीर सिंह ने बताया कि छठ पर्व में व्रतधारी उपासकों द्वारा 25 को नहाए -खाए का नियम करते हुए व्रत नियम का पालन शुरू किया। रविवार की शाम को कालीबाड़ी, हीरापुर, संतोषी नगर, बिरगांव सहित कई क्षेत्र में परिवारों ने आसपास के लोगों को खीर-रोटी का वितरण प्रसाद स्वरूप किया। सोमवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देने व्रतधारी अपने परिवार के साथ अलग-अलग नदियों और तालाबों में उतरने के बाद सूर्यदेव को अर्घ्य देने के बाद मंगल गीत गाते हुए घर लौटेंगी।

### भिलाई के भजन गायक घाट पर देंगे प्रस्तुति



भोजपुरी समाज एवं छठ पूजा समिति व्यास तालाब की ओर से आने वाले सभी छठ व्रतधारियों, सूर्य उपासकों और श्रद्धालुओं के लिए पवित्र स्थल पूरी तरह से सुसज्जित किया गया है। समिति के वरिष्ठ सदस्य रंजय सिंह, विनय दुबे और सुमन सिंह ने बताया कि हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान सूर्य नारायण को अर्घ्य देने के लिए व्यास तालाब पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा एवं स्वच्छता को सुनिश्चित किया है। उपस्थित सदस्य, अध्यक्ष हरिशंकर मिश्रा, सत्येन्द्र सिंह, पप्पू मिश्रा, अजय सिंह, अरुण यादव, सतीश सिंह, विनय जसवाल, रामंजय सिंह ने आयोजन को सफल बनाने के लिए दायित्व तय किया है। सोमवार की रात गीत-संगीत की प्रस्तुति से कलाकार अवसर को खास बनाएंगे।

### स्वाति मिश्रा सहित कई चर्चित सिंगर्स मचाएंगे धूम

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अवसर को खास बनाने के लिए रविवार की रात से मंच सजाने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बार गीत-संगीत के बीच आकर्षक झांकी और नृत्य नाटिका भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके लिए तिलक राज और केशरी साहू का ग्रुप सोमवार को शाम 4 बजे से प्रस्तुतियों की श्रृंखला सजाएंगे। इनके बीच स्वाति मिश्रा एंड ग्रुप प्रस्तुति देने के लिए देर-शाम रायपुर पहुंचीं। सोनाली तरुण चोपड़ा पूजा स्थल पर प्रस्तुति देने आ रही हैं। प्रयागराज के सोनाली एंड ग्रुप से जुड़े कलाकार झांकी के साथ नृत्य प्रस्तुति भी देंगे।

**लाइव इवेंट**

## बच्चों ने सुंदर क्राफ्ट ड्राइंग से दिया पर्यावरण संरक्षण का सोशल मैसेज



**रायपुर।** रैंबो फिंगर्स एनजीओ द्वारा क्राफ्ट ड्राइंग कॉम्पीटिशन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनजीओ ने बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को स्पर्श लाइफ सिटी के क्लब हाउस, धरसींवा में एक भव्य क्राफ्ट ड्राइंग कॉम्पीटिशन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्थानीय बच्चों को उनकी कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ सामुदायिक एकता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरखा लोकेश साहू (सदस्य जनपद पंचायत धरसींवा) उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की और रैंबो फिंगर्स एनजीओ के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। वहीं, रैंबो फिंगर्स एनजीओ की फाउंडर श्रद्धा वर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को उनकी रचनात्मकता को निखारने का अवसर देना और साथ ही उन्हें सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है।

### प्रतियोगिता में 26 से अधिक बच्चों ने लिया भाग

बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता को कागज पर उकेरते हुए विभिन्न थीम्स पर आधारित चित्र और क्राफ्ट प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि बरखा लोकेश साहू और आयोजकों द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र और प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में बच्चों के उत्साह और खुशी ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। इसके साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि, आयोजकों और बच्चों ने मिलकर स्पर्श लाइफ सिटी परिसर में पौधे रोपे, जिससे हरित भविष्य की नींव रखी गई। इस पहल ने बच्चों और समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सीएम ने दिव्यांगों के साथ साझा की खुशियां, दी पार्क की सौगात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के दीपावली मिलन में सीएम विष्णु देव साय शामिल हुए। जरूरतमंद दिव्यांग बच्चों के साथ खुशियां साझा करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के प्रति पूर्ण रूप से सरकार संकल्पित है। रायपुर में पांच एकड़ भूमि पर दिव्यांगों के लिए सर्व-सुविधायुक्त पार्क का निर्माण होगा। कोपलवाणी और अर्पण दिव्यांग संस्था के बच्चों ने सीएम सहित अतिथियों के समक्ष साइन लैंग्वेज का सुंदर प्रदर्शन किया। सीएम साय ने इशारों को दोहराते हुए उनसे साइन लैंग्वेज में गुड मॉर्निंग और गुड आफ्टर नून जैसे शब्द सीखे। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन द्वारा जनसेवा के कार्यों के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट निर्वहन किया जा रहा है। महाराष्ट्र और त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि मैं सांसद के रूप में दिव्यांगजनों के लिए गठित सोशल जस्टिस स्टैंडिंग कमेटी का सदस्य रहा हूं। वनमंत्री केदार कश्यप और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने समारोह को संबोधित किया।

### अपनी अद्भुत कला का किया प्रदर्शन



मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि दिव्यांगजनों के साथ दीपावली मिलन का आयोजन उत्तम सोच का प्रतीक है। खुशियां बांटने से बढ़ती हैं और यह देखकर प्रसन्नता होती है कि एसोसिएशन जनसेवा में सक्रिय है। सीएम के समक्ष पैरों से पेंटिंग करने वाले दिव्यांग चित्रकार गोकर्ण पाटिल ने अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। उनका सीएम श्री साय ने उत्साहवर्धन करते हुए दिव्यांग बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू, महापौर मीनल चौबे, सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अंजय शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी, कोपलवाणी और अर्पण दिव्यांग संस्था के बच्चे इस आयोजन में शामिल हुए।

## कार्तिक दीपोत्सव पर आज महिलाओं ने सजाई श्रृंखला

रायपुर। शहर के डीडी नगर सेक्टर-2 स्थित गौरी शंकर मंदिर में रविवार की शाम भक्तिमय माहौल बना। हर साल की तरह ललिता ग्रुप से जुड़ी महिलाओं ने कार्तिक दीपोत्सव की श्रृंखला सजाने के बाद आराध्य की पूजा-अर्चना की। इस धार्मिक आयोजन के लिए आसपास की महिलाएं तय समय में पहुंचीं। मंदिर प्रांगण की सफाई के बाद गौरी शंकर मंदिर में दीपों की कतार सजाने का सिलसिला शुरू किया। ललिता ग्रुप की महिलाओं ने कार्तिक दीपोत्सव का आयोजन परंपरागत रूप से किया। ग्रुप की प्रमुख श्रीदेवी ने बताया कि दीपोत्सव में महिलाओं ने दीपों से मंदिर प्रांगण को रोशन किया। पूजा- अर्चना के साथ कार्तिक दीपोत्सव भक्तिभाव से मनाया। इसमें कालोनी और ग्रुप की महिलाओं ने हिस्सा लिया।



### महिलाएं तीज-त्योहारों को बनाती हैं खास

उन्होंने बताया कि सभी तीज- त्योहार और विशेष अवसरों पर गौरी शंकर मंदिर में इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। इसे ग्रुप की महिलाओं के सहयोग से किया जाता है। आयोजन को सफल बनाने के लिए जरूरी सामग्री पहले से ही जुटाई जाती है। इसके बाद आयोजन को सफल बनाने के लिए तय समय पर सभी महिलाएं पहुंचती हैं। साथ ही आपसी तालमेल से तय किए गए कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया जाता है। इसी कड़ी में कार्तिक दीपोत्सव का आयोजन मंदिर में इस साल भी भक्ति-भाव से किया गया।

**सिटी इवेंट**

## क्रिटिकॉन राष्ट्रीय सम्मेलन में नीदरलैंड्स व इटली के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति



**रायपुर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, इंडियन सोसायटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन, क्वालिटी केयर इंडिया लिमिटेड और आईएमए के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'क्रिटिकॉन' का आयोजन किया गया। क्रिटिकॉन के समापन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ डॉ. मार्कस जे. शुल्ट्ज़ (एम्स्टर्डम, नीदरलैंड्स) और डॉ. क्विरीनो पियाचेवोली (रोम, इटली) शामिल हुए, जिन्होंने आधुनिकता के दौर में स्वास्थ्य क्षेत्र के नए अवसर और जांच पद्धति की जानकारी साझा की। इस अवसर पर देशभर से हजार से अधिक विशेष चिकित्सकों का समूह उपस्थित रहा, जिन्होंने इंटेंसिविस्ट्स, एनेस्थीसियो लॉजिस्ट्स, फिजिशियन जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर क्रिटिकल केयर के उभरते चिकित्सा पद्धतियों को जाना।

### गंभीर बीमारियों के नवीन इलाज पर वैश्विक चर्चा

पैनल चर्चा में सेप्सिस मैनेजमेंट, साइटोकाइन स्टॉर्म, आईसीयू में हृदय विकार, इम्यूनोकॉम्प्रोमाइज्ड रोगियों में निमोनिया और मैकेनिकल वेंटिलेशन विषय पर विशेषज्ञों ने जानकारी साझा की। साथ ही न्यूरो-मॉनिटरिंग, पीओसीयूएस, एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस, हाइपरग्लाइसेमिक इमरजेंसीज, ईसीएमओ एडवांसमेंट्स और हृदय व यकृत विफलता प्रबंधन देशभर से पहुंचे चिकित्सकों ने बताया। वहीं, समापन अवसर पर फ्लूइड थेरेपी प्रिसीजन, कॉन्ट्रास्ट-इंड्यूस्ड नेफ्रोपैथी, आईसीयू में एरिथ्मिया और ब्रेन डेथ प्रोटोकॉल्स पर भी व्याख्यान सत्र का आयोजन हुआ।

### कॉन्फ्रेंस में द पावर ऑफ-3 आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का उद्घाटन

*क्रिटिकॉन राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन अटल नगर स्थित निजी रिसॉर्ट में किया गया, जहां देर शाम तक विशेषज्ञों के बीच गंभीर बीमारियों के नवीनतम तकनीकी और चिकित्सीय विधियों पर चर्चा होती रहीं। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मैनेजिंग एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने कहा, यह मंच चिकित्सकीय विशेषज्ञता को मजबूत करता है और हमें नई तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा देता है। हमारा लक्ष्य हर जीवन तक विश्वस्तरीय उपचार पहुंचाना है। इस मेगा कॉन्फ्रेंस के दौरान 'द पावर ऑफ 3' नामक समयबद्ध आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का उद्घाटन किया गया। समापन अवसर में डॉ. विशाल कुमार, डॉ. पवन कुमार, डॉ. अब्बास नकवी, डॉ. सिद्धार्थ तामसकर, डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. शमीक दवे उपस्थित रहे।*

**1 से 5 नवंबर तक राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ी लोकगीत-संगीत की भव्य मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शक होंगे मंत्रमुग्ध**

## स्टार लोक गायिका आरू साहू, निर्मला ठाकुर और सिंगर ऐश्वर्या पंडित के मधुर गीतों पर झूमेगा नवा रायपुर

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 बरस पूरे होने पर नवा रायपुर में होने जा रहे राज्योत्सव के सांस्कृतिक मंच पर छत्तीसगढ़ी कलाकार जलवा बिखेरेंगे। राज्योत्सव के उद्घाटन सेरेमनी में 1 नंवबर को छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय लोक गायिका आरू साहू अपनी रंगारंग प्रस्तुति से भव्य आगाज करेंगी। इसके अलावा प्रसिद्ध लोक गायिका निर्मला ठाकुर और जाने माने सिंगर ऐश्वर्या पंडित अपनी सुरों से नवा रायपुर की फिजा में मधुर आवाज से समा बांधेंगी। संस्कृति विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 1 से 5 नवंबर तक राज्योत्सव के मुख्य सांस्कृतिक मंच पर इन स्टार छत्तीसगढ़ी गायिकाओं द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। बता दें कि आरू साहू छत्तीसगढ़ की एक युवा लोक गायिका हैं, जो अपनी गायन प्रतिभा के कारण कम उम्र







में ही प्रसिद्ध हो गई हैं। उनकी लोकप्रिय गीतों में फुलवारे अंगना द्वारे, छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, और सेवा गीत जैसे लोकप्रिय गाने शामिल हैं। उन्होंने 'फुलवा', 'रीग बिग अंजोर' सुआ गीत और 'चहके चिरैया' जैसे लोक गीतों से श्रोताओं में खास लोकप्रियता हासिल की है। वहीं, राज्योत्सव में और भी छत्तीसगढ़ी स्टार कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। राज्योत्सव के लिए सलेक्ट सभी स्टार कलाकरों की फाइनल सूची सोमवार तक जारी होने की संभावना है। रविवार तक स्टार छत्तीसगढ़ी लोक गायिकाओं में आरू साहू, निर्मला ठाकुर और सिंगर ऐश्वर्या पंडित के नाम फाइनल हो चुके हैं। ऐसे में राज्योत्सव में प्रदेश के पारंपरिक लोक गीत व संगीत व सात सुरों की इंद्रधनुषीय छटा से दर्शक मंत्रमुग्ध होने वाले हैं।

### लाइव प्रस्तुति को देखना व सुनना श्रोताओं के लिए होगा अद्भुत अनुभूति

छत्तीसगढ़ी लोकगीतों में गायिका निर्मला ठाकुर की खास जगह है। उनके छत्तीसगढ़ी लोकगीतों में काबर समाये रे बैरी नैना म...आ जाना परदेसी पिया आ जाना.... चांदी के मुंदरी...., तरिया तीर के पटवा भाजी...जैसे कर्णप्रिय गीत श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर देता है। ऐसे में राज्योत्सव के मंच पर गायिका निर्मला ठाकुर की लाइव प्रस्तुति को देखना व सुनना श्रोताओं के लिए एक अद्भुत अनुभूति होगा।

### ऐश्वर्या के मधुर गीतों का छाएगा जादू

सिंगिंग शो से लोकप्रियता पाने वाली ऐश्वर्या पंडित राज्योत्सव के मंच पर अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरेंगी। उनके कुछ लोकप्रिय हिंदी गीतों में बैठे-बैठे... संग तेरे... थोड़ा-थोड़ा प्यार... और भक्ति गीतों में गोविंद चले आओ.. एवं सांसों की माला पे...श्रृंखला के भक्ति गीत काफी सुने जाते हैं। राज्योत्सव के मंच से इन गीतों का श्रोताओं पर मधुर आवाज का जादू छाएगा।

## सिटी लाइव

### अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति का दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न



**रायपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन व्यास विद्यापीठ सभागृह कैलाशपुरी रायपुर में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम संयोजक राजकुमार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समिति के प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि दीपावली केवल दीपों का नहीं, बल्कि आत्म प्रकाश और सामाजिक एकता का भी पर्व है। इस अवसर पर अतिथियों ने समाज में पारस्परिक सहयोग, सांस्कृतिक संरक्षण एवं एकता के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में नारीशक्ति प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ सहित विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

#### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ने मोहा मन

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां संपन्न हुईं। उपरोक्त कार्यक्रम मे श्रीमती सुनीता तिवारी, श्रीमती सविता बीरेंद्र शर्मा, श्रीमती मल्लिका मिश्रा, डॉक्टर एस. के. शर्मा, अमित मिश्रा प्रदीप मिश्रा, लता पाण्डेय, अवधेश दीवान, अविनाश मिश्रा, राजकुमार व्यास, शशांक खरे, पराग मिश्रा, मनोरमा त्रिपाठी, साधना शुक्ला, भारती अवतार शर्मा, काव्या त्रिपाठी, आश्मि शर्मा, किरण शर्मा, राखी व्यास, दीपक तिवारी, राम तिवारी, सौरभ उपाध्याय, प्रदीप मिश्रा, डॉक्टर किरण शर्मा, मुक्ता तिवारी आदि उपस्थित थे।। कार्यक्रम के संचालन डॉक्टर मल्लिका मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन सुनीता तिवारी ने किया। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी पराग मिश्रा ने दी।

## धर्म लाइव

### जैन साधु-साध्वी संयम के उपकरण पिच्छिका के माध्यम से करते हैं जीवों की रक्षा



**रायपुर।** संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यसागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री समयसागर महाराज के पावन आशीर्वाद से उनकी आज्ञानुवर्ती परमपूज्य 105 आदर्शमती माताजी के ससंघ आर्यिका मां 105 अन्तर्मती माताजी का वर्षायोग चातुर्मास के समाप्ति के उपलक्ष्य में पिच्छिका परिवर्तन समारोह का भव्य आयोजन रविवार को पद्मप्रभ दिगंबर जैन मंदिर लाभांडी में हुआ। इस आयोजन को लेकर जैन समाज में हर्ष और श्रद्धा का वातावरण रहा। समारोह के दौरान आर्यिका अंतर्मति माताजी ने कहा कि हम खुद ही तय करते हैं कि हमें क्या चाहिए। एक बार की बात है। एक नगर के राजा ने घोषणा की कि अगली सुबह रात दरबार में जो भी नागरिक पहले आकर किसी भी चीज को छूएगा तो वह उसे दे दी जाएगी।

#### सौभाग्यशाली श्रावकों को प्राप्त हुई पुरानी पिच्छिका

समारोह में आर्यिका अधूरमति माता की पिच्छिका सुजीत जैन और विनिता जैन परिवार को प्राप्त हुई। आर्यिका उद्योतमति माताजी की पिच्छिका संजय जैन-ऋतु जैन अशोका रत्न परिवार को प्राप्त हुई। तीसरी पिच्छिका बरेला के श्री अरुण कुमार जैन- ऋतु जैन को प्राप्त हुई। वहीं, चौथी पिच्छिका लाभांडी के विवेक जैन मोदी-नीलम जैन मोदी को मिली। अशोका रत्न निवासी श्रीमती शैली जैन- अमित जैन को पांचवीं पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। इसी के साथ बड़ी माताजी आर्यिका अंतर्मति माताजी की पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य रायपुर दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष एवं चातुर्मास संयोजक विनोद बड़जात्या - श्रीमती संजना बड़जात्या को प्राप्त हुआ।

## समाज इवेंट

### सराफा एसोसिएशन की आमसभा संपन्न, वरिष्ठ पदाधिकारी सराफा अलंकरण रत्न से सम्मानित



**रायपुर।** सराफा एसोसिएशन की आमसभा अध्यक्ष धरमचंद भंसाली एवं सचिव जितेन्द्र गोलछा के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस अवसर पर वर्ष 1961 से लेकर अब तक एसोसिएशन के वरिष्ठ संरक्षक, सलाहकार एवं पूर्व अध्यक्ष रहे सदस्यों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'सराफा अलंकरण रत्न' से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के पश्चात आयोजित आमसभा में संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निम्न निर्णय सर्वसम्मति से पारित किए गए, जिसमें धारा 411/317 के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य में हुए सरलीकरण की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी प्रक्रिया लागू कराने के लिए प्रयास किया जाएगा।

#### 300 सराफा व्यापारियों हुए शामिल

कार्यक्रम में लगभग 300 सराफा व्यापारियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। प्रमुख उपस्थित सदस्यों में रामकुमार अग्रवाल, भीखचंद कोचर, राजेन्द्र शर्मा, तिलोक बरड़िया, प्रकाश गोलछा, संजय कानूगा, प्रहलाद सोनी, प्रदीप घोड़पाड़े, खेमराज बैद, लक्ष्मीनारायण लाहोटी, सीए राजेश गोलछा, पवन अग्रवाल, हरख मालू, उत्तम गोलछा (अरिहंत), चंद्रकांतभाई शाह, राजू शाह, हरीश डागा, नीलेश सेठ, विनय गोलछा, संजय देशमुख, विकास जैन, विनय भंसाली सहित एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति के सदस्य शामिल रहे।

## क्लासरूम में सकारात्मक बदलाव से बढ़ी बच्चों में पढ़ने की रुचि

# नई शिक्षा नीति में रटंत विद्या से आगे बढ़े छात्र, अब समझ के साथ सीख रहे शिक्षा

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिक्षा के स्वरूप में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। अब साल के आख़िर में नहीं, बल्कि सत्र की शुरुआत से ही विद्यार्थियों को प्रायोगिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। शासकीय विद्यालयों में 'सूर्य का प्रकाश सीधी रेखा में गमन कैसे करती है' से लेकर 'अंतरिक्ष विज्ञान' तक की जानकारी अब प्रयोगशाला के माध्यम से दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों का बौद्धिक और शैक्षिक विकास को बढ़ावा देना है।



**रायपुर।** शासन की पहल से अब शासकीय स्कूलों के छात्रों में भी पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती जा रही है, जिसका मुख्य कारण क्लास रूम में परिवर्तन है। क्लासरूम में बोरिंग पीरियड से भागने के बजाय अब छात्र सब्जेक्ट को इंजॉय कर रहे हैं। विज्ञान के कठिन प्रयोगों को याद करने से लेकर अंग्रेजी के एक्सेंट को अपनाने लगे हैं। यह परिवर्तन शासकीय विद्यालयों में देखने को मिल रहा है। अंग्रेजी, विज्ञान और गणित जैसे कठिन विषयों को सरल माध्यम से क्लासरूम में सिखाया जा रहा। इसका पूर्ण असर बच्चों की उत्तर पुस्तिकाओं में देखने को मिल रहा है, जहां वे प्रश्नों के जवाब अपने प्रयोगों के अनुभव के आधार पर लिख रहे।



#### नई शिक्षा नीति के प्रारंभिक बदलाव को समझें

कक्षा 9वीं और 11वीं में अभी पुराना पाठ्यक्रम चल रहा है, लेकिन 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षा की ब्लू प्रिंट में बदलाव किया गया है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता को और बढ़ाने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया। कक्षा पहली से तीसरी तक पाठ्यक्रम में विशेष बदलाव किए गए हैं, ताकि कम उम्र से ही बच्चों को बेहतर और व्यावहारिक शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।



#### एक्टिविटी आधारित पढ़ाई से बच्चों में रुचि और बेहतर परिणाम

स्वामी आत्मानंद स्कूल की शिक्षिका हीना सलुजा ने बताया कि अब बच्चों की रीडिंग और राइटिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे जो छात्र पढ़ाई में कमजोर होते हैं, उनपर विशेष ध्यान दिया जाता है। टेस्ट और मूल्यांकन के आधार पर गुणवत्ता की जांच की जा रही। पहले पढ़ाई केवल टेस्ट बुक के माध्यम से होती थी, लेकिन अब स्कूल में एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग अपनाई जा रही है। इसके कारण बच्चों का पढ़ाई में रूझान बढ़ता जा रहा है और नई विषय वस्तु कम समय में समझ में आने लगी है।

#### अनुभव से सीख रहे छात्र, तिमाही परीक्षा में दिखा असर



अब शासकीय विद्यालयों में रटंत विद्या से हटाकर, समझ की ओर पाठ्यक्रम को अग्रसर किया जा रहा है। साथ ही छात्रों को प्रत्यक्ष तौर पर विषय वस्तु का ज्ञान दिया जा रहा। यह कहना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका डॉ. माधुरी बोरेकर का है। उन्होंने बताया कि विज्ञान जैसे कठीन विषय को सरल बनाने के लिए स्कूल में रसायनिक व नवीन तकनीकों से प्रयोग किया जा रहा, इससे तिमाही परीक्षा में बेहतर परिवर्तन देखने को मिला है। छात्र अपनी अनुभव के आधार पर प्रश्नों का जवाब लिख रहे।

#### फॉनेटिक्स आधारित शिक्षा से छोटे बच्चों में बढ़ी अंग्रेजी बोलने की क्षमता

जेआर दानी गर्ल्स स्कूल की शिक्षिका किरण शुक्ला ने बताया कि इन दिनों नन्हे छात्रों को अंग्रेजी प्रारंभिक स्तर पर फॉनेटिक्स बेस के माध्यम से सिखाई जा रही। बेहतर उच्चारण के लिए पहली कक्षा से ही किताबों में छोटी-छोटी एक्टिविटीज जोड़ी गई हैं, जो अब छात्रों के उच्चारण सुधार रही। अब वे अंग्रेजी भाषा को सिर्फ याद नहीं, बल्कि समझकर बोलने लगे हैं, और उनके बोलचाल में सही उच्चारण और शब्दों का प्रयोग नजर आने लगा है। पहले प्रश्न केवल रटने वाले होते थे। पाठ में सदस्यों का क्या नाम था? उनके परिजनों के नाम क्या है? जैसे प्रश्नों में पूछा जाता था, लेकिन अब उसे 'आपके परिवार में कितने सदस्य हैं?' या 'आपके परिवार का मुखिया कौन है?' जैसे सवाल शामिल हुए हैं। इस बदलाव से बच्चे अपने अनुभव के आधार पर उत्तर लिख रहे हैं, जिससे उनकी बौद्धिक क्षमता में उल्लेखनीय विकास हो रहा है।

# तुलसी विवाह के साथ शहर में शादियों का सीजन, नवंबर में 15 शुभ मुहूर्त

## देवउठनी एकादशी के बाद शुरू होगी शादियों की धूम

**रायपुर।** शहर में देवउठनी के बाद शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा है। 6 जुलाई से विवाह के लिए कोई शुभ मुहूर्त नहीं था, लेकिन अब लगभग 4 महीने बाद शहनाई की गूंज सुनने को मिलेगी। इस बार 1-2 नवंबर को तुलसी विवाह के साथ शादी समारोहों का सिलसिला शुरू होगा। इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा के बाद जागते हैं। ऐसे में शुभ-मांगलिक कार्यों जैसे विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश की शुरुआत होगी। साल के अंतिम शुभ मुहूर्त में शहर में सैकड़ों विवाह होने की संभावना है। इसमें कोर्ट मैरिज, गायत्री परिवार और आर्य समाज द्वारा भी विवाह कार्य संपन्न होंगे।

#### दिसंबर से खरमास की शुरुआत

इस वर्ष दिसंबर में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त सीमित है। इस समय सूर्य धनु राशि में प्रवेश करता है और खरमास प्रारंभ हो जाता है, जिससे विवाह जैसे मांगलिक कार्य करना शुभ नहीं माना जाता। इस वर्ष सूर्य 15 दिसंबर के बाद धनु राशि में प्रवेश करेगा, ऐसे में खरमास 14 जनवरी तक रहेगा। देवउठनी के बाद नवंबर और दिसंबर में शादियों की तैयारी की जाएगी।

#### नवंबर में 15 दिन विवाह के मुहूर्त



इस बार नवंबर में 15 दिन विवाह के मुहूर्त रहेंगे। नवंबर माह में 2 नवंबर से 3, 5, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25, 30 नवंबर को विवाह के मुहूर्त हैं। 02 नवंबर को पहला विवाह मुहूर्त है। इस दिन उत्तर भाद्रपद नक्षत्र का संयोग बन रहा है। वहीं, लग्न का शुभ मुहूर्त रात 11 बजकर 11 मिनट से लेकर सुबह 06 बजकर 34 मिनट तक है। तुलसी विवाह के पश्चात 03 नवंबर को विवाह मुहूर्त है। इस दिन उत्तर भाद्रपद और रेवती का संयोग है। लग्न का शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 34 मिनट से लेकर शाम 07 बजकर 40 मिनट तक है।

#### अंतिम दो माह में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त सीमित

पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि तुलसी विवाह के बाद विवाह योग्य शुभ मुहूर्त प्रारंभ हो जाएंगे। ऐसे में शहरभर में सैकड़ों विवाह होने की संभावना है। दिसंबर में विवाह योग्य शुभ मुहूर्त मात्र 4, 5 और 6 तारीख को ही रहेगा। इस तिथि अनुसार अन्य मांगलिक कार्य करना भी शुभ माना जा रहा है। वहीं, जनवरी 2026 में कोई संयोग नहीं बन रहा, जिसके बाद फरवरी में 5, 10, 20 और 21 तारीख को शुभ मुहूर्त हैं।

# श्रीगुजराती ब्रह्म समाज का दिवाली मिलन व विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान संपन्न




**रायपुर।** श्रीगुजराती ब्रह्म समाज द्वारा दिवाली मिलन व छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्रीगुजराती ब्रह्म समाज के समस्तजनों के लिए दिवाली मिलन एवं कक्षा पांच से कॉलेज वर्ग तक के मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्हें मोमेंटो एवं गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया। कॉलेज वर्ग में प्रथम ईशा पंड्या, उच्चतर माध्यमिक वर्ग में विशा दवे एवं पूर्व माध्यमिक वर्ग में हार्दिक पुरोहित को ग्रुप में प्रथम स्थान होने के लिए सम्मानित किया गया। श्रीगुजराती ब्रह्म समाज की ओर से यह परंपरा चली आ रही है कि सभी वर्गों में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र की माता को मातृत्व पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष मातृत्व पुरस्कार से विशा दवे की माता नेहा दवे को सम्मानित किया गया। विशेष पुरस्कारों में संगीत एवं कला के क्षेत्र में वेदांशी पाठक को पुरस्कृत किया गया। बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्रा प्राची जोशी को नवलशंकर त्रिवेदी की स्मृति में अशोक और प्रज्ञा त्रिवेदी द्वारा एवं कॉलेज में सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्रा को भारती बेन रजनीकांत जोशी की स्मृति में प्रदीप जोशी व लीना जोशी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा त्रिवेदी ने किया। श्रीगुजराती ब्रह्म समाज के अध्यक्ष कीर्ति व्यास ने सभी समाजजनों व मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत होने पर बधाई दी। साथ ही अगले वर्ष से प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी सम्मानित करने की घोषणा की। समाज के सचिव अशोक त्रिवेदी ने सभी समाजजनों का आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

## स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंधन ने समाज के बेटे-बेटियों को धर्म से जोड़ने किया आयोजन

# सतगुरु नानक प्रगटिया मिट्टी धुंध जग... शबद गायन और पाठ की गुरुद्वारे में रही गूंज, मनोबल बढ़ाने किया सम्मान

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सतगुरु नानक प्रगटिया मिट्टी धुंध जग जानन हुआ...जैसे शबद गायन और श्री नानकदेव के जीवन प्रसंगों पर आधारित पाठ की मनमोहक प्रस्तुतियों की श्रृंखला रविवार को स्टेशन रोड गुरुद्वारे में सजाई गई। गुरुद्वारा प्रबंधन ने प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में यह श्रृंखला सजाई। इसके चलते सत्संग हाल में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक भक्तिमय माहौल रहा। इसमें समाज प्रमुखों सहित गायकी का जलवा बिखेरने के लिए पंजीयन करवाने वाले बेटे-बेटियों के साथ उनके परिवार के सदस्य भी आयोजन का हिस्सा बने। इस आयोजन के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा और सचिव तेजिन्दर सिंह होरा प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन दो से पंद्रह साल के बच्चों को गुरुवाणी गायन और संस्कारों से जोड़ने के लिए परंपरागत रूप से करने की पहल इस साल भी की गई।



#### बेटे-बेटियों को सहसपाठ और गायन से जोड़ने की पहल

श्री गुरुनानक देव के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख परिवारों द्वारा घरों में किए गए सहसपाठ का समापन भी आयोजन शुरू होने से पहले किया गया। इसके बाद गुरुद्वारे में हर साल की तरह बच्चों को गुरुग्रंथ साहेब वाचन और गायन की विधा से जोड़ने और इसमें बेहतर प्रयास करने वाले बच्चों का हौसला अफजाई करने के लिए समाज प्रमुख भी मौजूद थे। शबद और श्रीनानक देव पाठ में 121 उत्साही बेटे-बेटियों ने भाग लिया। इस आयोजन में उनके परिजन भी उनकी प्रस्तुति देखने के लिए मौजूद थे। हर प्रतिभागी हारमोनियम और तबले की धुन पर शबद गायन करते हुए लोगों को गुरुवाणी से जोड़ने का बहुत सुन्दर प्रयास किया।

#### खास अंदाज में सुनाई गुरुवाणी की महत्ता, किया गायन



आयोजन में नानक नाम चढ़दी कला तेरे भाणें सरबत दा भला...जैसे शबद पढ़े तो दरबार में मौजूद संगत ने उनका मनोबल बढ़ाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। बच्चों ने मूलमंत्र पाठ सुनाते हुए गुरुवाणी की महत्ता को भी अपने तरीके से प्रकट किया। गायन से यह एहसास नहीं होने दिया कि वे पहली बार प्रस्तुति का हिस्सा बने हैं। हौसला अफजाई के लिए परिवार के सदस्य भी संगत में शामिल हुए। प्रोग्राम का संचालन रविंदर सिंग दत्ता ने किया। पुरस्कार वितरण उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह छाबडा, सचिव तेजिन्दर सिंह होरा, मंजित सिंह सलुजा, इंदरपाल सिंह अजमानीं ने किया। तरजित सिंह मल्होत्रा, गुरदीप सिंह सलुजा और हरजित सिंह ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### 15वीं अखिल भारतीय रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता रायपुर में 30 से



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ, रायपुर द्वारा आयोजित 15वीं ऑल इंडिया रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य आयोजन 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 को सेकरसा स्टेडियम, वैगन रिपेयर शॉप कॉलोनी, रायपुर में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित अन्तर रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता में देशभर के 12 रेलवे जोन की टीमों के शीर्ष तीरंदाज शामिल होंगे। प्रतियोगिता में रिकर्व एवं कंपाउंड तीरंदाजी की स्पर्धाएं होंगी। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों व दर्शकों की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री राहुल गर्ग ने बताया कि ₹यह प्रतियोगिता रायपुर, छत्तीसगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों में आर्चरी खेल के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इसके माध्यम से वर्तमान में खेल रहे तीरंदाजों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को न सिर्फ नजदीक से देखने का मौका मिलेगा बल्कि उनसे तीरंदाजी के गुर को सीखने का अवसर भी मिलेगा।₹ खेल प्रेमियों से अनुरोध है कि आयोजन स्थल पर पहुँचकर भारतीय तीरंदाजों का उत्साहवर्धन करें और प्रतिस्पर्धा का आनंद लें।

### रनजी ट्रॉफी में आदित्य और रवि की शानदार पारी

**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा रनजी ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 15 अक्टुबर से किया जा रहा है।



जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच (25 - 28 अक्टूबर) बी.के.सी. क्रिकेट ग्राउंड, मुंबई में मुंबई टीम के विरुद्ध खेला गया। दूसरे दिन रविवार को छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 130 ओवरों में 8 विकेट खोकर 406 रन बना लिये हैं। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही, दोंनों ही प्रारंभिक बल्लेबाज जल्दी आउट हो गये। अजिंक्या रहाणे तथा सिद्धेश लाड ने पारी संभाली तथा 3 विकेट जल्दी गिरने के बाद सम्हल कर बल्लेबाजी की। अजिंक्या रहाणे ने शानदार शतक लगाते हुये 159 रन बनाये। सिद्धेश लाड ने भी 80 रन तथा आकाश आंनंद ने 60 नाबाद रनों की उपयोगी पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से रवि किरण ने 3 विकेट तथा आदित्य सरवटे ने 4 विकेट प्राप्त किये। अजय मंडल को 1 विकेट प्राप्त हुआ दूसरे दिन की समाप्ति तक मुंबई ने 8 विकेट के नुकसान पर 406 रन बना लिये हैं।

### वुमेंस इंटर जोनल टी 20 ट्राफी हेतु सीएससीएस से हुआ चयन



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा 4 नवंबर से नागालैंड में सीनियर वुमेंस इंटर जोनल टी 20 ट्राफी का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में नार्थ जोन, साउथ जोन, सेन्ट्रल जोन, नार्थ इस्ट जोन, वेस्ट जोन तथा ईस्ट जोन की टीमें हिस्सा ले रहीं है, जिनमें संपूर्ण भारत के चयनित खिलाड़ी हिस्सा लेंगें।

बीसीसीआई द्वारा सेन्ट्रल जोन की टीम में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से 3 सदस्यों का चयन किया गया है। चयनित सदस्य में नेहा बडवाइ खिलाड़ी, श्वेता मिश्रा सहायक कोच, लेखिका यादव टीम मैनेजर शामिल है. उक्त खिलाड़ी तथा सहायक स्टॉफ प्रतियोगिता में सेन्ट्रल जोन का प्रतिनिधित्व करेगें। सेन्ट्रल जोन के मैच 4 नवंबर विरुद्ध ईस्ट जोन, 6 नवंबर विरुद्ध साउथ जोन, 8 नवंबर विरुद्ध नार्थ ईस्ट जोन, 10 नवंबर विरुद्ध नार्थ जोन 12 नवंबर विरुद्ध वेस्ट जोन होगा।

### बहरीन यूथ गेम के लिए द्विवेदी इंटरनेशनल तकनीकी अधिकारी

**रायपुर।** बहरीन में आयोजित एशियन यूथ गेम्स हेतु छत्तीसगढ़ जुडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी को इंटरनेशनल तकनीकी अधिकारी के रूप में आमंत्रित किया गया है। एशियन यूथ गेम्स में जूडो प्रतियोगिता 27 से 31 अक्टूबर तक खेली जाएगी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी अरुण द्विवेदी ने एशियन गेम्स एवं अनेक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में तकनीकी अधिकारी के रूप में सेवा दे चुके है। उनकी इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश जूड़ो संघ के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी।



## संतुलित आहार ही जीवन की सबसे बड़ी औषधि

# पोषक तत्वों की कमी और अधिकता दोनों ही खतरनाक, सही जानकारी बहुत जरूरी

शरीर को बेहतर तरीके से काम करते रहने के लिए कई प्रकार के पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। विटामिन्स, प्रोटीन, आयरन सहित तमाम पोषक तत्व सभी अंगों को स्वस्थ रखने और उनके कार्यों को बेहतर ढंग से होते रहने में मदद करते हैं। विटामिन-सी और डी जैसे तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में मददगार हो सकते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने से बीमारियों के विकसित होने का खतरा हो सकता है, पर अगर इनकी मात्रा बढ़ जाए तो इसके कारण भी जोखिम हो सकता है। कई पोषक तत्वों की अधिकता की स्थिति में तो किडनी की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।



### विटामिन-सी

विटामिन-सी काफी चर्चित पोषक तत्वों में से एक है, ये शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मददगार होती है। शरीर में विटामिन-सी की कमी के कारण चिड़चिड़ापन और एनोरेक्सिया का खतरा हो सकता है। इसके अलावा आपको त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे घाव का ठीक से न भरना, दांतों-मसूड़ों की समस्या, संक्रामक रोगों का खतरा रहता है। वहीं अगर शरीर में विटामिन-सी की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है तो इसके कारण पेट खराब होने और दस्त के साथ गंभीर स्थितियों में किडनी की पथरी हो सकती है।

### विटामिन-डी

भोजन और सूर्य के प्रकाश के माध्यम से शरीर को विटामिन-डी मिलता है। इसे प्रतिरक्षा प्रणाली और हड्डियों के लिए आवश्यक माना जाता है। शरीर में विटामिन-डी की कमी के कारण इम्युनिटी सिस्टम कमजोर होने के साथ कैल्शियम का स्तर भी कम (हाइपोकैल्सीमिया) होने लगता है। इसे रिकेट्स (बचपन में हड्डियों का नरम होना) नामक बीमारी का भी कारक माना जाता है। वहीं विटामिन-डी की अधिकता भी नुकसानदायक है, इससे शरीर में बहुत अधिक कैल्शियम का निर्माण हो सकता है, इससे हड्डियां कमजोर हो सकती हैं और किडनी-हृदय को नुकसान पहुंच सकता है।



### आयरन

आयरन हमारे रक्त का प्रमुख अवयव है, इसकी कमी से एनीमिया का खतरा रहता है। जब आपके शरीर में हीमोग्लोबिन का उत्पादन करने के लिए पर्याप्त आयरन नहीं होता है तो इस रोग का जोखिम हो सकता है। एनीमिया को अध्ययनों में कमजोरी-थकान जैसी समस्याओं के साथ गंभीर स्थितियों में हृदय रोग-डिमेंशिया के खतरे को बढ़ाने वाला भी पाया गया है।



पर ध्यान दें अगर आप बहुत अधिक आयरन वाली चीजों का सेवन करते हैं तो ये भी नुकसानदायक है। शरीर में आयरन की अधिकता के कारण लिवर, जोड़ों, अग्न्याशय और हृदय को नुकसान पहुंच सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी पोषक तत्वों का सेवन सही मात्रा में ही किया जाना चाहिए। बेहतर है कि आप सप्लीमेंट्स की जगह आहार के माध्यम से इसे प्राप्त करें।

## भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष पर प्रदेश में एक साथ खेले जाएंगे कई मैच

**रायपुर।** भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर को पूरे देश में एक साथ एक हज़ार से ज्यादा हॉकी मैच खेले जाएंगे। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भी एक ही समय पर मैचों का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि 7 नवंबर 1925 को देश में पहली हॉकी प्रशासनिक संस्था का गठन हुआ था। इसके बाद 1928 में एम्स्टर्डम ओलंपिक में भारतीय टीम ने नीदरलैंड को हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता, तब से अब तक भारतीय हॉकी टीम ने कुल आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं. जो किसी भी देश द्वारा हॉकी में जीते गए सबसे अधिक स्वर्ण पदक हैं। 1928 से 1959 का काल भारतीय हॉकी का स्वर्णिम युग माना जाता है। 1980 और 90 के दशक में प्रदर्शन में गिरावट के बाद 1998 से भारतीय हॉकी ने पुनरुत्थान की राह पकड़ी। टोक्यो ओलंपिक 2020 में मनप्रीत सिंह की कप्तानी में कांस्य पदक जीतकर गौरवशाली वापसी की, जिसे 2024 के पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर दोहराया गया जब भारत ने फिर से पदक जीतकर इतिहास रचा। छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि भारत अब तक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में कुल 8 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक जीत चुका है।


मृणाल चौबे


फिरोज अंसारी

## गलती से ओवर फ्राई हुए फूड को फेंकने की जरूरत नहीं

अगर खाना गलती से ओवर फ्राई हो जाता है तो इसे कोई भी खाना पसंद नहीं करता। हालांकि, कुछ आसान ट्रिक्स को अपनाकर आप इसे फिर से परफेक्ट बना सकती हैं।

**करें स्टीमः** अगर फूलगोभी, भिंडी, डंपलिंग, कटलेट्स, पनीर के क्यूब्स आदि ओवर फ्राई हो गए हैं तो ऐसे में आप उसे थोड़ा स्टीम करें। हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि खाने का क्रंच यूं ही बना रहें। दरअसल, ओवर फ्राई करने पर अक्सर खाना अंदर से कड़ा या सूखा हो जाता है। ऐसे में हल्की स्टीमिंग से खाना फिर से वैसा ही टेस्टी लगता है। स्टीम करने के लिए आप एक पैन में 1-2 कप पानी उबालें। पानी के ऊपर स्टीमिंग रैक या छलनी रखें। अब ढक्कन लगाकर 1-2 मिनट स्टीम करें। आप चाहें तो स्टीम करने से पहले थोड़ा नमक, काली मिर्च या हर्ब्स छिड़क दें। इससे खाने का फ्लेवर काफी अच्छा आएगा।



**सूप में करें शामिलः** अगर खाना ओवर फ्राई हो गया है तो ऐसे में उसे दोबारा खाने लायक बनाने के लिए सूप में शामिल किया जा सकता है। आप फ्राइड पकोड़े, सब्जियां, डंपलिंग, कटलेट्स आदि को को काटकर गरम सूप में 2-3 मिनट डालें।



## वेट लिफ्टिंग के दौरान कलाई में नहीं लगेगी चोट, बस इन बातों का रखें ध्यान

जिम में वर्कआउट करते हुए हम सभी कई तरह की एक्सरसाइज करते हैं। कार्डियो से लेकर वेट लिफ्टिंग तक कई तरह का वर्कआउट ना केवल बॉडी को शेप देता है, बल्कि बॉडी स्टेमिना और स्ट्रेन्थ भी बढ़ाता है। हालांकि, कई बार यह देखने में आता है कि जब हम वेट लिफ्टिंग करते हैं तो उस दौरान कलाइयों में इंजरी हो जाती है।

हाथों की मूवमेंट करने से लेकर वजन उठाते समय हम कई छोटी-छोटी चीजों की अनदेखी करते हैं। लेकिन ये छोटी-छोटी बातें वर्कआउट परफार्मेंस को इफेक्ट करती हैं। इतना ही नहीं, इससे कलाई में चोट लगने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

हालांकि, अगर आप चाहती हैं कि वेट लिफ्टिंग के दौरान आपकी कलाइयों में किसी तरह की इंजरी ना हो, तो ऐसे में आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स को फॉलो कर सकती हैं-

### कलाइयों का भी करें वार्मअप

यह तो हम सभी जानते हैं कि किसी भी वर्कआउट से पहले बॉडी वार्मअप करना बेहद जरूरी होता है। लेकिन अक्सर हम कलाइयों के मूवमेंट पर उतना ध्यान नहीं देते हैं। हालांकि, अगर आप वेट लिफ्टिंग करने वाली हैं तो ऐसे में आपको कलाइयों का वार्मअप भी जरूर करना चाहिए।

इससे आपकी कलाइयों के ज्वॉइंट्स थोड़े ल्यूब्रिकेट हो जाते हैं, जिससे मूवमेंट करना आसान हो जाता है। इसके लिए आप मुट्ठी बनाकर उसे घुमा सकती हैं या फिर एक्सटेंसर स्ट्रेच को बतौर वार्मअप किया जा सकता है।



### रिस्ट रैप का करें इस्तेमाल

अगर आप हैवी वेट लिफ्टिंग करने वाली हैं तो यह सलाह दी जाती है कि आप रिस्ट रैप का पहनकर ही वर्कआउट करें। खासतौर से, बेंच प्रेस, ओवरहेड प्रेस, या हैवी कर्ल वर्कआउट करते समय कलाई में चोट लगने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। लेकिन जब आप रिस्ट रैप का इस्तेमाल करती हैं तो यह आपकी कलाई को अतिरिक्त सपोर्ट देता है, जिससे आपको मूवमेंट के दौरान स्टेबलाइज रहने में मदद मिलती है। ऐसे में कलाई में चोट लगने से बचा जा सकता है। (कोर को स्ट्रेंथ करने वाली एक्सरसाइज)

### सही हो तकनीक

वेट लिफ्टिंग के दौरान अक्सर कलाई में चोट उन्हें लगती है, जिनका बॉडी पोश्चर या तकनीक सही नहीं होती है। अगर आप किसी भी वर्कआउट को बहुत जल्दी-जल्दी करती हैं या फिर गलत तरीके से करती हैं तो इससे आपको कोई फायदा नहीं होता है, बल्कि इससे कलाई में चोट लग सकती है। इसलिए, बेहतर होगा कि आप ट्रेनर की देख-रेख में वेट लिफ्टिंग करें। इससे आपकी कलाई में चोट लगने की संभावना न के बराबर होगी। (पीठ की मसल्स को मजबूत बनाएं)




























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## गहराया रोलिंग और एमा का पुराना विवाद, लेखिका ने किया पलटवार



हॉलीवुड और हैरी पॉटर की दुनिया में इन दिनों फिर से हलचल मच गई है। लेखिका जे के रोलिंग ने लंबे समय से चली आ रही चुप्पी तोड़ते हुए अपनी ही फिल्म की अभिनेत्री एमा वॉटसन पर सीधा वार किया है। अपने ताजा बयान ने उन्होंने सभी को हैरान कर दिया है। जे के रोलिंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा- 'एमा वॉटसन इतनी अंजान हैं कि उन्हें अपनी अज्ञानता का भी एहसास नहीं है। किसी अभिनेता से मैं हमेशा सहमति की उम्मीद नहीं रखती, लेकिन बार-बार सार्वजनिक रूप से आलोचना करके फिर सुलह की उम्मीद करना सही नहीं है।' रोलिंग ने यह भी साफ किया कि एमा और डेनियल रैडक्लिफ जैसे सितारे अपने विचार रखने के लिए स्वतंत्र हैं, मगर उन्हें हैरी पॉटर की दुनिया के प्रवक्ता की तरह बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। यह तनातनी साल 2020 से शुरू हुई, जब रोलिंग ने ट्रांसजेंडर मुद्दों पर सोशल मीडिया पर अपने विचार रखे थे। उनके बयानों को ट्रांसफोबिक कहा गया और बड़े स्तर पर विरोध हुआ। इसी दौरान हैरी पॉटर फिल्मों के प्रमुख सितारों – डेनियल रैडक्लिफ, रुपर्ट ग्रिंट और एमा वॉटसन ने रोलिंग की सोच का खुलकर विरोध किया। हाल ही में एमा वॉटसन ने एक पॉडकास्ट में कहा था- 'मैं आज भी रोलिंग के प्रति लगाव और सम्मान रखती हूं। मेरे करियर और जीवन में उनका योगदान बहुत बड़ा है।' लेकिन रोलिंग को यह बयान दोहरा चरित्र लगा। उनका कहना है कि जब वो धमकियों और विवादों का सामना कर रही थीं, तब एमा ने सिर्फ एक छोटा सा मैसेज भेजा- 'मुझे अफसोस है कि आप यह सब झेल रही हैं।'

### टॉलीवुड

## राम चरण का 'पेड्डी' के सेट से वीडियो, गहरी खाई के किनारे चट्टान पर किया डांस



साउथ स्टार राम चरण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वो एक चट्टान के किनारे पेड़ के पास खड़े होकर डांस कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि वो 'पेड्डी' फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। जिस तरह से वो खाई के पास शूटिंग कर रहे हैं, फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं। साउथ स्टार राम चरण इन दिनों अपनी अपकमिंग एक्शन मूवी 'पेड्डी' की शूटिंग में बिजी हैं। सेट से एक 'बिहाइंड द सीन' वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो खूबसूरत वादियों में एक क्लिफ (चट्टान) पर डांस सीक्वेंस करते नजर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि ये वीडियो 'पेड्डी' के सेट से है। राम चरण के एक फैन ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें एक्टर को पहाड़ी चट्टान के किनारे पर डांस करते हुए देख सकते हैं। जानकारी के अनुसार, वायरल हो रही यह क्लिप पुणे में फिल्म के एक गाने के सीक्वेंस की है। इसी वीडियो में देख सकते हैं कि नीचे गहरी खाई है, जिसे देखकर एक बार डर भी लग सकता है। फैंस ने इस पर रिएक्शन दिया है और इस कोशिश की सराहना भी की है। एक ने कहा, 'क्या हिम्मत है। पेड्डी फिल्म के गाने से।'
बुची बाबू सना ने 'पेड्डी' फिल्म को लिखा है और डायरेक्शन भी किया है। इसमें राम चरण लीड रोल में हैं। साथ में जान्हवी कपूर, शिवा राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी हैं। ये गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट के बैकग्राउंड पर बेस्ड है। इस स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म का निर्माण वेंकट सतीश किलारू ने किया है। साउंडट्रैक का निर्माण एआर रहमान करेंगे। कथित तौर पर 'पेड्डी' को बड़ा ओटीटी डील मिला है। दावा किया गया था कि फिल्म ने अपने डिजिटल अधिकार 130 करोड़ रुपये में बेच दिए हैं।

### भोजपुरी

## छठ की भक्ति में रंगे कलाकार, अक्षरा ने किया नहाय खाय तो पवन ने जोड़े हाथ



भोजपुरी सितारे भी इन दिनों पूरी तरह से छठ महापर्व के जश्न में डूबे हुए हैं। निरहुआ से लेकर पवन सिंह तक, हर कोई अपनी-अपनी तरफ से इस त्योहार को मना रहा है। भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगे। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं। भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं।

## मैक्सी स्कर्ट का ट्रेंड

बरबेरी, मेरिल रॉग और फेरारी जैसी मशहूर मॉडल ने दुनिया को बता दिया है कि इस साल ट्रेंडिंग कर रही मैक्सी स्कर्ट भी एक और आरामदायक पहनावा है। स्टाइल के मामले में पहले प्लीटेड स्कर्ट ज़रूर ट्रेंड में थीं, जिनमें से कई में बहुत ऊँची स्लिट होती थी। लेकिन अब इसे मैक्सी स्कर्ट ने मात दे दी है। आम तौर पर कॉलम शेप वाली स्कर्ट ज्यादा पसंद की जाती है। चाहे वह शीर, निट, सिल्की, डेनिम हो या टार्टन हो। ये स्कर्ट लंबी लाइन वाली और प्लेन चंकी निट के साथ पहनने पर थोड़ी मज़ेदार भी लगती है।




# बैक हैंड मेहंदी से बढ़ाएं अपने हाथों की शोभा

मेहंदी लगाना लगभग हम सभी लोगों को पसंद होता है। इसकी वजह से हम कई तरह की मेहंदी डिजाइन को अक्सर अपने हाथों पर ट्राई करते रहते हैं। मेहंदी को महिलाओं के सोलह श्रृंगार में भी गिना जाता है। इसके साथ ही इसे महिलाओं के सुहाग की निशानी माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि जितना मेहंदी का रंग काला होता है उतना ही उसका पति उसे प्यार करता है। आजकल मेहंदी को शादी सुदा महिलाओं से लेकर कम उम्र की लड़कियां भी आसानी से लगा सकती हैं, लेकिन अक्सर हम में से ज्यादातर लोग केवल हथेली पर ही मेहंदी लगवाते हैं और बैक हैंड डिजाइन पर खास ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे में अगर आपको हाथों के पीछे मेहंदी लगवाना पसंद है, तो आप इस आर्टिकल को जरुर पढ़ें क्योंकि हम आपको दिखाएंगे बैक हैंड मेहंदी की कुछ यूनिक और सिंपल डिजाइंस जिन्हें आप आसानी से लगा सकती हैं।

### चेन मेहंदी डिजाइन

चेन डिजाइन आजकल काफी ट्रेंड में है। ये देखने में थोड़ी स्टाइलिश और यूनिक लगती है। आप इस डिजाइन को फ्रंट और बैक हाथ के दोनों तरफ आसानी से 5 मिनट में लगा सकती हैं। इस तरह का डिजाइन ज्यादातर यंग जनरेशन की लड़कियां लगाना पसंद करती हैं। अगर आप कुछ मॉडर्न और सिंपल डिजाइन की मेहंदी लगाना चाहती है तो ये रोज चेन डिजाइन आपके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है। आप फूल और शॉर्ट हैंड दोनो तरह की चेन मेहंदी डिजाइन लगा सकती हैं।

### जाल वर्क मेहंदी डिजाइन



अगर आप बैक हैंड में कुछ यूनिक डिजाइन ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस जाल डिजाइन को आसानी से लगा सकती हैं। आप जाल डिजाइन को फ्रंट के साथ - साथ बैक हैंड के दोनो तरफ पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप बड़े और छोटे फूल के साथ जाल डिजाइन को मिक्स करके कंप्लीट कर सकती हैं। साथ ही आप इसमें पत्ती भी बना सकती हैं।

### बैल मेहंदी डिजाइन

अगर आप मेहंदी में कुछ सिंपल और जल्दी लगने वाली डिजाइन ढूंढ रही हैं, तो आप ये बेल डिजाइन लगा सकती हैं। इसके लिए आप आपको केवल हाथ पर छोटे-छोटे रोज को बेल पैटर्न में बनाना होगा। इसके बाद आप इसको सारी उंगलियों पर भी लगा सकती हैं। आप इस तरह की मेहंदी डिजाइन में वर्टिकल और हॉरिजॉन्टल रोज फूल डिजाइन की चौड़ी बेल बना सकती हैं, लेकिन आप चाहें तो केवल एक-दो उंगलियों पर भी यह डिजाइन बना सकती हैं। हाथों की सुंदरता को और बढ़ाने के लिए आप नेल पेंट जरुर लगाएं।

## लहंगे से लेकर वेस्टर्न ड्रेस तक में बेहद खूबसूरत दिखने इन्हें आजमाएं



अक्सर फैशन के नाम पर उलझन होती है कि क्या पहनें और कैसे पहने? बॉलीवुड और साउथ सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने वाली बहुत सी एक्ट्रेस इस मामले में बिल्कुल स्पष्ट हैं। एक्टिंग के अलावा अपने लुक्स से भी लोगों के दिल जीतती हैं। वो चाहे एथनिक पहनें या वेस्टर्न, हर आउटफिट उनके ऊपर बेहद ही कमाल का लगता है। पूजा के कुछ बेस्ट लुक्स देखे जा सकते हैं, जिन पर लोगों ने भी काफी प्यार बरसाया है।



**गाउन:** इस लुक में अभिनेत्री ने स्लिट स्टाइल का गाउन कैरी किया है, जिसमें वो काफी बोल्ड लग रही हैं। लुक को पूरा करने के लिए एक्ट्रेस ने बालों को कर्ल किया है।

**को-ऑर्ड सेट:** को-ऑर्ड सेट में भी अपना कई तारिकाएं ग्लैमरस अवतार दिखाती हैं। उनका ये अंदाज काफी ज्यादा बोल्ड है। इस लुक को पूरा करने के लिए उन्होंने अपने बालों को स्लीक स्टाइल में कैरी किया था।



**लहंगा:** एक्ट्रेस का ये लहंगा लुक बेहद खूबसूरत है। आइवरी रंग के इस लहंगे में वो कमाल की लग रही हैं। इस लुक को करने के लिए मॉडल ने गले में चोकर पहना है।

**जींस-टॉप:** स्लिट स्टाइल की जींस के साथ क्रॉप टॉप में मॉडल बेहद खूबसूरत नजर आती हैं। इस लुक को पूरा करने के लिए पैरों में बूट्स भी खूब जंचते हैं।

**साड़ी:** बॉलीवुड की ज्यादातर मॉडल साड़ी को पसंद करती हैं, क्योंकि इसमें वे कुछ ज्यादा ही खूबसूरत दिखती हैं। पीले रंग की ऑर्गेंजा साड़ी में मॉडल का लुक बेहद खूबसूरत नजर आता है।

**शॉर्ट ड्रेस :** लालरंग की ड्रेस में मॉडल बेहद हॉट दिखती हैं। रेड ड्रेस के साथ लाल रंग की ही हील्स और न्यूड रंग की लिपस्टिक से मॉडल का लुक बेहद ही कमाल का है।

# शैंपू करते वक्त न करें ये गलतियां बालों को पहुंच सकता है नुकसान



बालों से चेहरे की खूबसूरत बढ़ती है। बाल हेल्दी रहें, इसके लिए हेयर वॉश किया जाता है। आजकल मार्केट में बाल धोने के लिए तरह-तरह के शैंपू मौजूद हैं। अगर स्कैल्प को साफ न रखा जाए, तो हेयर ग्रोथ पर असर पड़ता है। यहां, तक कि स्कैल्प संबंधी बीमारी भी हो सकती है। अक्सर हम यह गलती करते हैं कि हल्के गीले बालों में शैंपू का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। हल्के गीले बालों में ज्यादा शैंपू लगाने की जरूरत पड़ती है। साथ ही, पूरे बालों में शैंपू लग जाए, इसके लिए ज्यादा दबाव चाहिए होता है। इसलिए हमेशा बालों को पूरी तरह से गीला करना चाहिए। इसके बाद, ही शैंपू का उपयोग करना चाहिए। गीले बालों में शैंपू अच्छे से लग जाता है। पर्याप्त झाग बन जाता है, जिससे बाल आसानी से साफ हो जाते हैं और सारी गंदगी हट जाती है।

क्या आप जानती हैं कि कितनी देर तक बालों और स्कैल्प में शैंपू लगाना चाहिए? शायद नहीं। शैंपू में ऐसे इंग्रीडियंट्स पाए जाते हैं, जो सीबम को कम करने में मदद करता है। शैंपू से स्कैल्प क्लीन होता है। शैंपू को स्कैल्प में कम से कम 3-5 मिनट तक अब्जॉर्ब होने के लिए छोड़ दें। ऐसा करने से स्कैल्प अच्छे से साफ हो जाएगा।

# पैरों की बदबू से छुटकारा दिलाने के ये हैं आसान उपाय

सर्दियों में पैरों को ढके रखने से एक प्रमुख समस्या पैदा हो सकती है और वो है बदबूदार पैर। यह समस्या उस बदबू के लिए एक निमंत्रण की तरह है, जिसे छोड़ने में निश्चित रूप से कुछ समय लगता है और यकीन मानिए ये पर्यावरण के लिए भी ठीक नहीं है।

### अपने पैरों को सही तरीके से धोएं

आप सोच रहे होंगे कि अपने पैर धोना में ऐसा क्या नया है। ये तो आप रोजाना करते हैं, लेकिन वास्तव में आपकी तकनीक गलत हो सकती है। एक खूशबूदार साबुन आपके लिए उपयोगी साबित नहीं हो सकता है। इसलिए आपको एक मेडिकेटेड साबुन की आवश्यकता होती है। अपने पैर की उंगलियों के बीच में विशेष ध्यान दें, क्योंकि यहां अधिकांश नमी जमा हो जाती है। इसके अलावा पूरे दिन आराम से रहने के लिए अपने पैरों को कुछ फुट स्प्रे पाउडर से स्प्रे करें।
एक तरीका और भी है। आप एक वॉश बेसिन को गर्म पानी से भरें। इसमें शैम्पू की कुछ बूंदें और एक एंटीसेप्टिक घोल को मिलाएं। अब अपने पैरों को पानी में कम से कम 10 मिनट के लिए अच्छे से भिगो दें,



ताकि जमा हुई गंदगी नरम हो जाए। आप चाहें तो अपने पैर के नाखूनों को साफ करने के लिए नेल ब्रश या पुराने टूथ ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। एड़ियों और पैरों के तलवों के लिए फुट स्क्रबर का इस्तेमाल करें। जोर-जोर से न रगड़ें, क्योंकि इससे आपको चोट लग सकती है। अगर आपके पैर के नाखून बहुत लंबे हो गए हैं, तो उन्हें काट दें। सर्दियों में अपने पैर के नाखूनों को छोटा रखना सबसे अच्छा होता है, ताकि गंदगी अंदर जमा न हो। इसके बाद अपने पैरों को धीरे से थपथपाकर सुखाएं। अपने पैरों पर मॉइस्चराइजर लगाएं और उनकी मालिश करें। यह ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने का भी काम करेगा।

कार्नर न्यूज

## टाई को लेकर असहज होना छोड़िए

# आज भी अपनी टाई किसी और से बंधवाते हैं तो आसान स्टेप में इसे खुद सीख लीजिए

अक्सर अपने पहनावे में हम टाई को लेकर थोड़े असहज हो जाते हैं। इसे बांधे कैसे? यह हमारी वेशभूषा का हिस्सा है। वो टाई जो होती तो छोटी सी है लेकिन पूरे लुक को बिलकुल बदल कर रख देती है। लेकिन अफसोस टाई जितना आम पहनावा है, इसे पहनना उतना आम बिलकुल नहीं है। आज भी ज्यादातर लोग इसकी नॉट बनाना नहीं जानते हैं। वो या तो किसी से बंधवा कर टाई पहले से तैयार करवा लेते हैं या फिर हर रोज किसी के सामने खड़े होते हैं कि 'जरा टाई की नॉट बांध दो'। आपके साथ भी ऐसा ही कुछ होता है तो बेहद आसान स्टेप में इसे सीख लीजिए, इसके साथ आप अपनी टाई बेहद आसानी से बांध पाएंगे। इस नॉट को फोर इन हैंड बोलते हैं। टाई बांधने का सही तरीका इस तरह से है।

### पहला स्टेप

पहले स्टेप के लिए टाई के चौड़े हिस्से और पतले हिस्से को देखकर शुरू कीजिए। टाई के चौड़े हिस्से को दाईं ओर और पतले हिस्से को बाईं ओर कर लीजिए। अगर आप बाएं हाथ से ज्यादा काम करते हैं तो ये पोजीशन बदली जा सकती है। शर्ट के सबसे ऊपर वाले बटन को बंद करके कॉलर को ऊपर उठा लें।



### दूसरा स्टेप

चौड़े हिस्से को पतले हिस्से की ओर ले आइए। इसमें तीन हिस्से बन जाएंगे, बायां, दायां और बीच का चौड़े हिस्से को पतले हिस्से की ओर लाते हुए इसे कॉलर के करीब रखिए, लेकिन ध्यान रहे कि टाई ट्विस्ट बिल्कुल ना हो।

### तीसरा स्टेप

चौड़े हिस्से के नीचे वाले भाग को पतले हिस्से के नीचे वाले भाग की ओर लाएं। टाई की पोजीशन गड़बड़ न हो और न ही ये ट्विस्ट हो इस बात का ध्यान रखें।

### चौथा स्टेप

पिछले दो स्टेप को रिपीट करें। पहले चौड़े हिस्से को ऊपर और फिर पतले हिस्से के नीचे लाएं। आप चौड़े हिस्से के निचले भाग को पतले हिस्से के निचले भाग पर लपेट दें। ऐसे दो बार करें।

### पांचवां स्टेप

चौड़े हिस्से को नॉट के नीचे से बीच में लाएं। इसे अपनी गर्दन और नॉट में बने गैप के बीच से बाहर निकालें। इसको बाहर लाते हुए पतले वाले हिस्से को भी पकड़ कर रखें, ताकि नॉट टाइट रहे ढीली न हो।

